संक्षेप

## देशी रिवाल्वर के साथ आरोपी धराया

प्रतापगढ़। लालगंज पुलिस ने आरोपी को एक देशी रिवाल्वर तथा एक जिंदा कारतूस के साथ धर दबोचने में सफलता ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। गुरूवार को दिन में करीब सवा बजे फोर्स के साथ दरोगा दीपक यादव गश्त पर निकले थे। लालगंज के राजेन्द्र नगर चौराहे पर एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने रोका। तलाशी लेने पर आरोपी कोतवाली के ही खानापटटी तकिया निवासी मो. हासिम के पुत्र मो. सुहेल के पास से अडतीस बोर की देशी रिवाल्वर व एक कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया।

## चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने महिला के साथ अभद्रता को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ गालीगलौज तथा जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है। बासूपुर पौड़िया कांसापुर निवासी राजकुमार गौतम की पत्नी फूला देवी ने दी गई तहरीर में कहा है कि तीस दिसंबर को वह घर पर मौजूद थी। रात करीब नौ बजे रंजिश को लेकर विपक्षी गांव के मित्रसेन के पुत्र कमल गौतम तथा मित्रसेन की पत्नी आशा व पुत्री काजल एवं मित्रसेन ने लाठी डण्डे से लैस होकर गालीगलौज शुरू कर दी। पीडिता ने शोर मचाया तो गांव के लोग जुटे। आरोपी भीड़ जुटती देख भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मित्रसेन समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पांच लीटर शराब बरामद

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने आरोपी के पास से पांच लीटर अवैध शराब बरामद किया है। दरोगा अमित सिन्हा बुधवार की रात चेकिंग अभियान में निकले थे। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज खानीपुर मार्ग पर एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से पिपिया में पांच लीटर अवैध शराब बरामद हुयी। आरोपी मंगापुर निवासी कालीदीन कोरी का पुत्र रमेश कोरी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम का केस दर्ज किया है। गुरूवार को आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## किशोरी के अपहरण को लेकर पांच के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर लालगंज पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे कैथन समापुर निवासी रामचन्द्र की पत्नी फूलकली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस दिसंबर को उसकी नाबालिग पुत्री रात में शौच को गयी थी। तभी रात नौ बजे गांव के ही बबलू के पुत्र कार्तिकेय गुप्ता ने उसे अपहत कर लिया। घटना को लेकर पीड़िता ने आरोपी के घर उलाहना दिया तो कार्तिकेय के परिवार के सदस्य बबलू, बैजनाथ गुप्ता तथा गांव के नन्हें कोरी व किरन ने कार्रवाई करने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार को कार्तिकेय समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चलती बाइक से गिरकर महिला की मौत

इटावा। बाइक से गिरने से एक महिला की मौत हो गई। यह घटना थाना चैबिया क्षेत्र के चैपुला के पास हुई, जब महिला अपने परिवार के साथ घर लौट रही थी। घायल महिला को सीएचसी सरसईनावर में भर्ती कराया गया, जहां से उसे गंभीर हालत में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रेफर किया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। 33 वर्षीय प्रीति देवी अपने पति सुनील कुमार और तीन बेटियों के साथ मंगलवार को बहन के बच्चे के मूल शान्ति कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्राम रूकैया टीमरूआ गई थी। बुधवर को लौटते समय चैपुला के पास अचानक बाइक से गिरकर प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गई सिर में लगी चोट के कारण उसे तुरंत सीएचसी सरसईनावर ले जाया गया लेकिन हालत में सुधार न होने पर सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी रिफर कर दिया गया जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पति सुनील कुमार ने बताया कि वे परिवार के साथ अपनी साली के बच्चे के कार्यक्रम में गए थे। घर लौटते समय पत्नी का बैलेंस बिगड़ गया और वह बाइक से गिर पड़ी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रेल पटरी पर मिला धातु का टुकड़ा

## कानपुर में खाली गैस सिलेंडर रखा मिला

सहारनपुर कानपुर। कानपुर में बर्राजपुर रेलवे स्टेशन के पास रेल पटरी पर पांच किलोग्राम वाला का एक खाली एलपीजी गैस सिलेंडर रखा मिला। यह जानकारी राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने बृहस्पतिवार को दी। एक अन्य घटना में मंगलवार को सहारनपुर जिले में हरिद्वार रेल लाइन पर टपरी के पास रेल पटरी पर रखे लोहे के एक बड़े टुकड़े का समय रहते पता चलने से एक बड़ा हादसा टल गया। एक सुरक्षा दल को बुधवार को गश्त के दौरान कानपुर के शिवराजपुर में लूपलाइन पटरी पर सिलेंडर मिला। अधिकारियों ने बताया कि सिलेंडर एक बोरे में रखा हुआ था, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई। पुलिस अधीक्षक (जीआरपी) अभिषेक वर्मा ने बताया, सूचना मिलने पर जीआरपी अधिकारी कानपुर और उसके पड़ोसी जिलों की फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और इलाके एवं सिलेंडर का निरीक्षण किया, जिसमें सिलेंडर खाली मिला। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि सिलेंडर को जानबूझकर दहशत फैलाने के इरादे से पटरी पर रखा गया था। उन्होंने कहा कि मामले की गहन जांच करने और इसके पीछे जिम्मेदार लोगों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि रेलवे ने भी मंगलवार तड़के पटरी पर लोहे का टुकड़ा मिलने की घटना मामले की भी विस्तृत जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि इस बारे में सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारी, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के दलों के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि लोहे के टुकड़े को हटाने के लिए ट्रेन यातायात को अस्थायी रूप से रोका गया। उन्होंने बताया कि बाद में रेल सेवाएं सुचारू रूप से बहाल हो गईं। सहारनपुर के स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार रात्रि एक बजे टपरी रेल पटरी पर लोहे का एक बड़ा टुकड़ा पड़ा होने की जानकारी मिलते ही आनंद विहार-कोटद्वार एक्सप्रेस ट्रेन को रोक दिया गया। उन्होंने बताया कि लोहे के टुकड़े को पटरी से हटा दिया गया और आनंद विहार-कोटद्वार एक्सप्रेस 15 मिनट की देरी के रवाना हुई। अधिकारी ने कहा, हम इसे संभावित साजिश का प्रयास मान रहे हैं और एक जांच शुरू कर दी है। शामली में आरपीएफ को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है और इस कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

## ग्रामीणों ने जमीन अधिग्रहण के विरुद्ध सौंपा ज्ञापन

पिपरौली, गोरखपुर। सहजनवां तहसील क्षेत्र अन्तर्गत पिपरौली ब्लाक के मल्हीपुर गांव के ग्रामीण गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा किए जा रहे जमीन अधिग्रहण के खिलाफ मुखर आवाज उठाने लगाने लगे है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर भूमि अधिग्रहण का विरोध करते हुए डीएम की गैर मौजूदगी में एडीएम प्रशासन को ज्ञापन सौंप अधिग्रहण के आदेश को वापस लेने की मांग किया है। ग्रामीणों का नेतृत्व कर रहे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश पांडेय और युवा नेता/समाजसेवी कमलेश सिंह ने बताया कि मल्हीपुर गांव में गीडा प्रशासन द्वारा विगत दिनों दो बार अधिग्रहण कराया जा चुका है। अब तीसरी बार गीडा प्रशासन मल्हीपुर गांव की 40 हेक्टेयर की भूमि को अधिग्रहण करने की फिराक में है ।इस जमीन पर कई विद्यालय, व्यापारिक प्रतिष्ठान और ग्रामीणों का घर है ।जिसके अधिग्रहण से ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अतः प्रशासन से मांग है कि इस तीसरी बार अधिग्रहण की प्रक्रिया को रोका जाए। डीएम को ज्ञापन देने गये ग्रामीणों द्वारा डीएम की अनुपस्थिति में एडीएम प्रशासन को यह ज्ञापन सौंपा गया।

## जनपद के सभी विकास खंडों में आयोजित होंगे सेमिनार

बलरामपुर। जनपद में संचालित योजनाओं फैमिली आईडी, फार्मर आईडी, जीरो पॉवर्टी, पीएम सूर्य घर योजना, टीवी मुक्त भारत अभियान एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बेहतर प्रचार प्रसार एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में जनपद के सभी विकास खंडों में विभिन्न भागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने एवं ग्राम प्रधानों को योजनाओं के संबंध में व्यापक जानकारी प्रदान किए जाने हेतु सेमिनार कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

सभी विकासखंड में आयोजित आयोजित कार्यशाला में संबंधित उप जिलाधिकारी , जनपद स्तरीय अधिकारी , संबंधित खंड विकास अधिकारी, सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी , ग्राम प्रधान उपस्थित रहेंगे।

आयोजित सेमिनार में प्रतिभा करने वाले अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु कार्यक्रम स्थल पर समस्त आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## विद्यालय में शिक्षकों के साथ अभद्रता पर प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ केस, चार्ज छिना

प्रतापगढ़। प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा साथी शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार तथा असलहे के प्रदर्शन के साथ धमकी देने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने गुरूवार को केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लालगंज निवासी डॉ. नलिनकान्त उपमन्यु प्रभारी प्रधानाध्यापक तैनात है। विद्यालय के शिक्षक विनोद कुमार, हनुमानदीन, जंग बहादुर पटेल, वंदना पटेल व रणविजय ठाकुर ने पुलिस से शिकायत की है कि पहली जनवरी को अपरान्ह विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापक रिवाल्वर ले आये। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने सहायक अध्यापक विनोद कुमार को रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। अध्यापकों का यह भी आरोप है कि प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा बच्चों को भी डराया धमकाया गया। तहरीर पर सांगीपुर पुलिस ने जांच के नाम पर कार्रवाई नही की। इससे क्षुब्ध विद्यालय के सहायक अध्यापक गुरूवार को विद्यालय मे ताला लगाकर प्रतापगढ़ चले गये। विद्यालय में शिक्षकों को न देख बच्चे वापस लौट गये। अध्यापकों ने जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार से मिलकर आपबीती सुनाई। एसपी ने अध्यापको को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। गुरूवार को सांगीपुर पुलिस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. नलिनकांत उपमन्यु के खिलाफ केस दर्ज किया है। हालांकि सांगीपुर एसओ मनीष का कहना है कि जांच में आरोपी प्रभारी प्रधानाध्यापक के पास रिवाल्वर खिलौने की पायी गयी थी। वहीं मामले में जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने पहली जनवरी को जारी आदेश में विद्यालय में तैनात प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. नलिनकांत उपमन्यु से चार्ज अवमुक्त कर दिया। डीआईओएस ने प्रभारी प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपा है।

## एडीजी, डीआईजी ने एसएसपी के कंधों पर लगाया रैंक प्रतीक चिन्ह



मेरठ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ डॉ विपिन ताडा को सलेक्शन ग्रेड में पदोन्नित प्राप्त होने पर बुधवार 1 जनवरी को अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन मेरठ डी के ठाकुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा कंधो पर रैंक प्रतीक चिन्ह लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में वादी से हुई जिरह, सुनवाई 10 को

सुलतानपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि मामले में बृहस्पतिवार को यहां स्थित सांसदाविधायक विशेष अदालत में सुनवाई हुई। मामला केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बारे में राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान की गई कथित अभद्र टिप्पणी से संबंधित है। इस संबंध में यहां के एक भाजपा नेता ने मामला दर्ज कराया था। बीते वर्ष 2398रवरी माह में अदालत से गांधी को जमानत मिल गई थी और फिर जुलाई माह में उन्होंने अदालत में अपना बयान दर्ज कराया था। गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि आज वादी विजय मिश्रा से जिरह हुई। उन्होंने कहा कि जिरह पूरी न होने के कारण अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 10 जनवरी को करेगी। मिश्र की ओर से पैरवी कर रहे वकील संतोष कुमार पांडेय ने भी बताया कि गांधी के वकील शुक्ला ने उनके मुवक्किल से जिरह की और मामले में अगली सुनवाई के लिए 10 जनवरी की तारीख निर्धारित की गई है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी एवं भाजपा नेता विजय मिश्रा ने वर्ष 2018 में सांसदाविधायक अदालत में राहुल गांधी के विरुद्ध मानहानि का परिवाद दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि कर्नाटक चुनाव के दौरान गांधी ने शाह पर अभद्र टिप्पणी की जिससे वह आहत हुए हैं।

## झील में नौका पलटी, एक किशोर की मौत

उन्नाव । उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में एक झील में नौका पलटने से एक किशोर की मौत हो गई। नौका में सात किशोर सवार थे और वे झील में रील बना रहे थे, पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रतिराम पुरवा निवासी सात किशोर पास की एक झील में नौका विहार कर रहे थे और मोबाइल से रील बना रहे थे, तभी नाव पलट गई और सभी पानी में गिर गए। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से छह किशोरों को बचा लिया गया लेकिन 14 वर्षीय किशोर उमेर की डूबने से मौत हो गई। जाजमऊ चौकी के प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह घटना लापरवाही के कारण हुई प्रतीत होती है। मामले की जांच की जा रही है।

## वृद्ध महिला का शव मिला, फैली सनसनी

**बलरामपुर।** थाना ललिया अंतर्गत एक 63 वर्षीय वृद्ध महिला का गन्ने के खेत में शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व एडिशनल एसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने घटनास्थल का बारीकी से जायजा लिया है। आपको बताते चले पूरा मामला स्थानीय थाना ललिया क्षेत्र के मटयरिया गांव का है। जहां पर लीलावती पत्नी ननकाऊ चौहान 63 वर्षीय का शव गांव से लगभग 500 मीटर दूरी पर रामचंद्र यादव के गन्ने के खेत में पड़ा मिला है। मृतका के बेटे तिर्रे चौहान ने बताया कि हम और हमारी पत्नी भट्टे पर काम करते हैं?। कल बुधवार को जब हम आवश्यक कार्य से घर पर आए तो देखा मेरी माता घर पर नहीं थी आसपास के लोगों से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि 4:00 गांव के पश्चिम नाले पर लकड़ी बीनने गई है। शाम तक घर वापस नहीं आई तब हम लोगों ने खोजबीन शुरू कर दी काफी खोजने के बाद नहीं मिली तो हम 12:00 भट्टे पर चले गए। फिर गांव के ही करिया राम बहादुर सोनू मिश्रा ने 7:30 सुबह हमें सूचना दिया कि आपकी माता गन्ने के खेत में मृत अवस्था में पड़ी है। तब हम गए देखे तो उनके पीछे दोनों हाथ बांध था रस्सी से और उनकी मृत्यु हो चुकी थी पूरे शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले थे। फिर गांव वाले और पड़ोस वालों ने शव को घर पर लेकर आए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से लेकर घर तक हर एक साक्ष इकट्ठा करने में जुड़ गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार व एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने घटना स्थल पर बारीकी से जायजा लिया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करवा कर पीएम के लिए भेज दिया गया है घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम पहुंची है बारीकी से हर एक एंगल की साक्ष इकट्ठा कर रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक का सही कारण पता चल सकेगा। पुलिस टीम गठित कर दी गई हैं जांच की जा रही है घटना की जल्द से जल्द अनावरण किया जाएगा। आसपास के लोगों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि ननकाऊ चौहान की दो पत्नियां हैं एक का नाम सुंदर पता है और जिनकी मृत्यु हुई है उनका नाम लीलावती है यह दोनों सगी बहन हैं। लीलावती घर पर अकेली रहती थी इनका लड़का एक भट्टे पर काम करता है। और सुंदरपता गांव में दूसरे घर पर रहती थी। सुंदरपता के चार लड़के हैं। तीन लड़के बाहर काम करते हैं एक लड़का घर पर था।

## गोला में इनडोर स्टेडियम बनाने की उठी मांग

गोला,गोरखपुर। उपनगर गोला में इनडोर स्टेडियम बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। गुरूवार को उपनगर के कुछ युवा खिलाड़ियों ने नगर पंचायत की चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी को पत्रक सौंप उपनगर में इनडोर स्टेडियम बनाने की मांग किया है। खिलाड़ियों का कहना था कि नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी खेल मैदान अथवा इनडोर स्टेडियम नही है। जिस कारण यहां के खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए शहर की तरफ रूख करना पड़ता है। लेकिन संसाधनों की कमी से जूझ रहे खिलाड़ियों के लिए शहर जाना संभव नही है। यहां की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए यहां इनडोर स्टेडियम बनाया जाना बहुत जरूरी है। प्रतिनिधिमंडल के साथ सभासद श्रवण वर्मा, सभासद प्रतिनिधि राजेश जायसवाल, संजय गुप्ता, विकास जायसवाल, नौशाद अली, आरिफ अलीन, अनिल कुमार, शैलेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## कमिश्नर व डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण



मेरठ। शीतलहर के दृष्टिगत कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे.तथा जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा घंटाघर,सोहराब गेट एवं मेडिकल कॉलेज के रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने रैन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाऐं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। रात्रि में खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरो में ठहराए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियों को सर्दी से बचाव के लिए रजाई, कम्बल, अलाव आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस दौरान मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक



मेरठ। गुरुवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रभारी यूपीनेडा मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम सूर्य घर योजनान्तर्गत वर्तमान तक 26,918 पंजीकरण हो चुके हैं, जिसके सापेक्ष 1,462 घरों में 5,732 किलोवाट क्षमता का सोलर रुफटॉप की स्थापना कराई जा चुकी है। वर्तमान में उपभोक्ता द्वारा हाई ब्रिड सिस्टम भी लगाया जा सकता है, जिसमें 02 किलोवाट संयंत्र पर रु0 90,000 एवं 03 किलोवाट या उससे अधिक पर रु0 1,08,000 का अनुदान देय है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि वर्तमान तक हुए पंजीकरण एवं एप्लीकेशन की सूची डिविजन अथवा ब्लॉक वाईज एवं वर्तमान तक किस वेण्डर्स द्वारा कितने सिस्टम लगाए गए हैं ।

## अजगर सड़क पर आने से राहगीरों में हड़कंप

चकरनगर, इटावा। सैंकुअरी क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार दोपहर समय सड़क पर एक अजगर आने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। अजगर के सड़क पार करने तक रास्ता कुछ समय के लिए जाम हो गया। लेकिन इस संबंध में सैंकुअरी विभाग को जानकारी नहीं हो सकी। चकरनगर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत फूप चैरैला मार्ग के कुर्छा मोड़ पर पिपरौली गढ़िया गांव के निकट गुरुवार दोपहर समय खेतों से निकल कर सड़क मार्ग पर एक अजगर आने से राहगीरों में हड़कंप मच गया। करीब 10 से 12 फीट लंबे अजगर को सड़क पार करते देखकर कुछ समय के लिए राहगीर थम गए। अजगर के सड़क पार करने के उपरांत अवरुद्ध रास्ता संचालित हुआ। इस बीच किसी राहगीर के द्वारा अजगर का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रचलित कर दिया। सूचना पर दौड़ी सैंकुअरी की टीम मौके पर पहुंची, तब तक अजगर जंगल की तरफ निकल चुका था।

## प्रदर्शनी पंडाल में सर्वधर्म सम्मेलन में शांति का दिया संदेश

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में कौमी एकता सर्व धर्म सम्मेलन आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुफरान अहमद अति विशिष्ट अतिथि मुकेश यादव उपजिला विद्यालय निरीक्षक विशिष्ट अतिथि संजय कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलामहामंत्री, जैन धर्म के प्रवक्ता धर्मेंद्र जैन ने सर्वधर्म सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा भगवान महावीर ने विश्व शांति के लिए जियो और जीने दो का संदेश दिया था आज के समय में भगवान महावीर के संदेश की बहुत आवश्यकता है चारों तरफ आतंकवाद एवं अशुद्ध वातावरण फैलता जा रहा है इसको केवल और केवल अहिंसा परमो धर्म ही एक रास्ता है जो शांति स्थापित कर सकता है भगवान महावीर विश्व शांति के उपासक थे। कार्यक्रम को मौलाना अफान



मीर शम्सी, सुबोधनन्द महंत कालीबाड़ी बाबा अमरीक सिंह गुरु का ताल आगरा धर्मेंद्र जैन प्रवक्ता जैन समाज डॉक्टर पदमा त्रिपाठी डॉक्टर शैलेंद्र कुमार शर्मा प्राचार्य जबर सिंह शाक्य आशीष तिवारी अनुपम चैधरी इंजीनियर आशीष प्रताप चैहान ने संबोधित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष लल्लू वारसी, सतीक मंसूरी, जिलाप्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिलामहामंत्री रंजीत कुशवाहा, मोहम्मद राजा, आकाश वर्मा, चक्रेश कुमार जैन, सुबोध जैन, महावीर जैन, नवनीत जैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक गुरमुख सिंह अरोड़ा एडवोकेट, विशेष सहयोगी रामसेवक सिंह चैहान, परमजीत सिंह, नईमुद्दीन हाजी हसन ने सभी अतिथियों का शाल उढ़ाकर बैच लगाकर सम्मानित किया।

## थाना गैसड़ी पुलिस टीम द्वारा वारण्टी गिरफ्तार



बलरामपुर। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस टीम द्वारा मामला वांछित वारंटी अभियुक्त चन्चल सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह नि0 ग्राम सदाडीहवा थाना को0 गैसडी से सम्बन्धित वारन्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

## परिवार परामर्श केंद्र पर सुलह समझौते का आयोजन




शाहजहांपुर/जनपद की पुलिस लाइन में सुलह समझौता केंद्र पर सुलह समझौता समझौते का आयोजन किया गया जहां थाना मदनापुर जनपद शाहजहापुर के एक दम्पति की शादी लगभग 10 माह पूर्व हुई थी। दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनों पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनों पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया क प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार हो गए इस दौरान दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया दोनों को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। वहीं दूसरी तरफ थाना जैतीपुर शाहजहांपुर के एक दम्पति की शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी दोनों पति पत्नी मे कुछ समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था दोनो पक्षों को परिवार परामर्श केन्द्र जनपद शाहजहांपुर बुलाया गया कदोनो पक्षों की आपस में वार्ता कराई गई और समझाया गया क प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष एक दूसरे के साथ रहने को तैयार है क दोनों ने आपसी सहमति से समझौता कर लिया है दोनो को परिवार परामर्श केंद्र से विदा किया गया। यह कहीं ना कहीं पुलिस का एक सराहनीय कदम है इस मौके पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र जनपद शाहजहांपुर उपनिरीक्षक मधु यादव महिला आरक्षी पूनम मिश्रा, महिला आरक्षी करुणा, आरक्षी सौरभ कुमार ,महिला आरक्षी मोनिका, महिला मुख्य आरक्षी लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## हिमांशु शेखर परिदा की रेत कला का अनोखा प्रदर्शन

इटावा। विश्व के अनोखे पांच नदियों कृचंबल, यमुना, सिंध, पहुज और क्वारीकृके महासंगम पर चंबल संग्रहालय के बैनर तले कटक, उड़ीसा के सुविख्यात सैंड आर्टिस्ट हिमांशु शेखर परिदा अपनी रेत कला का जादू बिखेरेंगे। 9 जनवरी को पंचनद तट उनके उत्कृष्ट सृजन से गुलजार होगा।

हिमांशु शेखर परिदा भारतीय रेत कला के क्षेत्र में एक अग्रणी कलाकार हैं, जिनकी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल ने उन्हें वैश्विक मंच पर ख्याति दिलाई है। उनकी कलात्मक यात्रा कटक के एक समृद्ध कलात्मक विरासत वाले परिवार में आरंभ हुई। उनके पिता, गगन बिहारी परिदा, जो एक प्रसिद्ध चित्रकार और मूर्तिकार थे, ने हिमांशु के बचपन में ही उनके भीतर कला के प्रति प्रेम और समर्पण का बीज बोया। हिमांशु ने डिजिटल मीडिया के माध्यम से अपनी कला के दायरे को और विस्तृत किया। रेत, पत्थर, लकड़ी, मिट्टी और मिक्स मीडिया के साथ-साथ डिजिटल कला में उनकी विशेषज्ञता ने उन्हें बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित किया है। उनका हर कार्य उनकी रचनात्मकता और कला के प्रति समर्पण का प्रमाण है। चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने कहा कि 9 जनवरी को पंचनद तट पर उनकी प्रस्तुति कला प्रेमियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित होगी। हिमांशु शेखर परिदा की कलात्मकता आने वाले समय में भी भारतीय रेत कला को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने और कला के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का कार्य करेगी।

## गोमांस रखने के अभियुक्त को अर्थदण्ड की सजा सुनाई

बलरामपुर। महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा सजा कराए जाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित मुकदमों में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषी अभियुक्तों को सजा कराये जाने के अभियान के क्रम में- थाना को0 उतरौला क्षेत्र में गोमांस रखने के संबंध में थाना उतरौला पर गौहत्या निवारण अधिनियम बनाम हकीमुल्ला पुत्र रहमुल्ला निवासी महुआ इब्राहिम ढाबा थाना श्रीदत्तगंज पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना उ0नि0 श्रीकान्त पाण्डेय द्वारा की गयी व आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। न्यायालय में दौराने विचारण अभियोग की पैरवी सुभाषचन्द्र यादव सहायक अभियोजन अधिकारी, प्रभारी मॉनीटरिंग सेल ओम प्रकाश चौहान एवं थाना उतरौला पुलिस के पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा अभियुक्त हकीमुल्ला पुत्र रहमुल्ला उपरोक्त को धारा- 5/8 गौहत्या निवारण अधिनियम के अपराध में जेल में बितायी गयी अवधि व 1000/रु0 अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

संक्षेप

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर किया अपहृत, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाली एक अल्पब्यस्क किशोरी को गाँव का ही एक युवक बहला फुसला कर अपहत कर ले गया। किशोरी के पिता की लिखित तहरीर पर चिलुआताल पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ बी एन एस 137 (2) के तहत मुकदमा कायम कर बिधिक कार्यवाही कर रही है। सिहोरवा निवासी एक व्यक्ति ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि दिसंबर माह के अंतिम तारिख की रात्रि लगभग नौ बजे हमारे ही गाँव का मुकेश साहनी उर्फ टक्कल पुत्र गणेश साहनी मेरी 16 वर्षिय बेटी को बहला फुसला कर अपने स्पेलेन्डर बाइक पर बैठा कर कही लेकर चला गया जानकारी होने पर काफी खोजबीन किया गया मगर कुछ पता नही चला।

## केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी का आरोप

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के सिहाईजपार की महिला दुर्गावती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र में लिखा है कि हाटाबाजार स्थित ग्राह सेवा केंद्र पर दो माह पहले आधार कार्ड लेकर पैसा निकालने गयी थी। संचालक ने अंगूठा लगाने के बाद कहा कि सर्वर की दिक्कत से पैसे नहीं निकल रहे हैं। बैंक पर एकाउंट की जांच कराने पर मालूम हुआ कि उसी दिन एकाउंट से दस हजार रुपए का ट्रांजेक्शन हो गया है। पीड़ित महिला ने संचालक पर कार्रवाई करने की मांग किया है।

## ग्राहक सेवा केंद्र संचालक पर पैसा निकालने का आरोप

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर अपना पैसा निकालने का आरोप लगाया है। महिला का आरोप है कि आठ अक्टूबर 2024 को हाटा बाजार स्थित ग्राहक सेवा केंद्र पर आधार कार्ड से पैसा निकालने गई थी, लेकिन संचालक ने अंगूठा लगवा लिया और पैसा नहीं दिया। महिला ने बताया कि संचालक ने सर्वर डाउन होने की बात कहकर कल आकर पैसा ले लेने को कहा, लेकिन वापस घर लौटने के बाद पता चला कि खाते से दस हजार रुपये निकल गए हैं। महिला ने आरोप लगाया है कि संचालक ने सर्वर डाउन की बात कहकर उसके बचत खाते से पैसा निकाल लिया है, लेकिन पैसा देने में आनाकानी कर रहा है और दुर्व्यवहार भी कर रहा है। महिला ने गगहा पुलिस को शिकायतीपत्र देकर अपना पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है, लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, लेकिन अभी दिखवा रहा हूं।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पलटी, दबने से चालक की मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बालापार में हनुमान मंदिर के पास दावत खा कर वापस आ रहे युवको की कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे कार चालक की दबने से दर्दनाक मौत हो गयी। शेष तीनो बैठे युवको को हल्की फुल्की चोटे आई हैं। सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर पोष्ट मार्टम हेतु मोर्चरी भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की रात नकहा न० 1 निकट काली मंदिर यादव टोला निवासी खुल्ला पुत्र सिद्धू, रोहित यादव पुत्र रामबली यादव, निखिल यादव पुत्र राम भोला यादव एवं रंजन नये साल के उपलक्ष में कही दावत खाने गये थे। उधर से वापस आते समय बालापार गाँव के पास हनुमान मंदिर के बगल में कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे कार चला रहे रोहित (30) की दबने से घटना स्थल पर ही दर्दनाम मौत हो गयी। सूत्रो की माने तो दावत में चारो ने रारू खूब पी रखी थी शेष तीनो लोगो को पुलिस उनके परिजनो को सुपुर्द कर दिया।

**NOTICE**

I Lipika Gupta Prajapati w/o Santosh Kumar Prajapati R/o 1/343, Vishal Khand Gomti Nagar, Lucknow changed my name to Lipika Gupto vide affidevit dated 02 Jan 2024 bfr. notary Suresh kumar Lko.

# 5 साल में धरातल पर उतरे 15 से 20 हजार करोड़ रुपये के निवेश

## गोरखपुर का विकास करा रहा आधुनिक उत्तर प्रदेश व आधुनिक भारत के दर्शन : सीएम योगी



जिला संवाददाता (vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य करने का जज्बा होना चाहिए। समाज के प्रति जवाबदेही का जज्बा होगा तो सभी समस्याओं का समाधान भी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में पांच साल में 15 से 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश धरातल पर उतर चुका है। उद्योग लगने से हजारों युवाओं को रोजगार की गारंटी मिली है। आज गोरखपुर में चार विश्वविद्यालय हैं, वेटरिनरी कॉलेज भी बन रहा है। तो वही आज गोरखपुर में पिपराइच की चीनी मिल चल रही है, खाद कारखाना चल रहा है, गोरखपुर में चिड़ियाघर भी खुल गया है। गोरखपुर में लखनऊ, वाराणसी सहित सभी तरफ से शानदार रोड कनेक्टिविटी है। विकास होने से रोजगार के नए-नए अवसर भी आ रहे हैं। उन्होने ने कहा कि आज का गोरखपुर आधुनिक भारत के आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोरखपुर का दर्शन करा रहा है। जबकि सपा की सरकार में गोरखपुर में बिजली नहीं मिलती थी, लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती थीं। बीआरडी मेडिकल कॉलेज खुद बीमार हो गया था तो लोगों का बेहतर इलाज कैसे करता। 1990 में सपा और कांग्रेस सरकार ने गोरखपुर के खाद कारखाना को बंद कर दिया। पिपराइच की चीनी मिल बंद ही नहीं थी बल्कि इसे बेचने की तैयारी की जा रही थी। सड़कों की दशा ऐसी थी कि पता ही नहीं चलता था कि सड़क पर गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क है। रामगढ़ताल गंदगी का ढेर बना हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब जब प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है तो रामगढ़ताल पर्यटन का नया केंद्र बन गया है। गोरखपुर का खाद कारखाना और पिपराइच की चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। बीआरडी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था सुदृढ़ हो गई है और गोरखपुर में एम्स भी शुरू हो गया है। हर तरफ टूलेन, फोरलेन और सिक्सलेन की रोड कनेक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि गोड़धोईया नाला का कार्य पूर्ण होते ही जलभराव की समस्या का भी स्थायी समाधान हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण होने वाला है। इसकी शुरूआत विकास कार्यों से हो रही है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में बन रहे वेटरिनरी कॉलेज से जहां पशुपालन का प्रशिक्षण प्राप्त होगा तो वहीं कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बन रहा है। इससे कृषि की पढ़ाई के साथ किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकी का प्रशिक्षण सुलभ होगा। गोरखपुर के नवीनीकृत कृषि विद्यालय में भी किसानों को नए तौर तरीकों को सीखने का मौका मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय कृषि विद्यालय के नवीनीकृत होने पर किसानों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यालय 1932 में बना था लेकिन इसका भवन जीर्ण शीर्ण हो गया था। अब नए भवन के साथ किसानों को नई तकनीकी के प्रशिक्षण और सरकारी योजनाओं को जानने का सुविधाजनक अवसर मिलेगा।

राप्ती नदी पर नौसढ़-कालेसर तटबंध के सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 1998 में आई बाढ़ सबको याद है। इसमें नौसढ़-कालेसर तटबंध टूट गया। इससे सुदृढ होने में 25 साल लग गए। एक युग बीत गया, एक पीढ़ी बीत गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पहले रही होती तो यह कार्य भी तत्काल हो गया होता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में सभी तटबंधों को सुदृढ़ कर बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की ओर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन के शिलान्यास को विकास के नए आयाम से जोड़ते हुए कहा कि इससे विकास को नई गति मिलेगी। गोरखपुर-पिपराइच के बीच आने-जाने में बीस मिनट लगते थे। फोरलेन बन जाने से सिर्फ सात से आठ मिनट लगेंगे। उन्होंने राप्ती नदी पर बनने वाले दो पुलों से होने वाली सहूलियत का भी उल्लेख किया।

## मुख्यमंत्री ने किसानों को प्रमाण पत्र और ट्रैक्टर की चाबी सौंपी



गोरखपुर। राजकीय कृषि विद्यालय के प्रशासनिक भवन और किसान हॉस्टल का फीता काटकर लोकार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री ने दोनों का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कृषि विद्यालय परिसर में कृषि विभाग के सात लाभार्थी किसानों/फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनियों के प्रतिनिधियों को ट्रैक्टर की चाबी सौंपी। इसके बाद उन्होंने जनता इंटर कॉलेज चरगांवा में बने मंच पर कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के 14 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इन लाभार्थियों को रोटावेटर, पॉवर टिलर, सोलर पम्प, थ्रेसर, स्ट्रा रिपर, कम्बाइन हार्वेस्टर, स्माल गोदाम, मानव रहित चेफ कटर व सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ।

## स्टालों का अवलोकन, बच्चों का कराया अन्नप्राशन



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्यपालन आदि विभागों तथा फार्मर्स प्रोड्यूसर कम्पनियों की तरफ से लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टालों पर प्रदर्शित उत्पादों के बारे में जानकारी ली। कृषि नमो ड्रोन के स्टाल पर मुख्यमंत्री ने नमो ड्रोन दीदी तथा अन्य स्टालों पर मौजूद लोगों से बातचीत कर हौसला अफजाई की। बाल विकास विभाग के स्टाल पर सीएम योगी ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया और खूब दुलाकरकर उन्हें उपहार व आशीर्वाद दिया। उन्होंने इसी स्टाल पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें पोषण किट का उपहार दिया।

## एजे बिरई ने भड़साड़ मगहर को सात विकेट से हराया



उरुवा, गोरखपुर। श्रीराम रेखा सिंह इंटर कॉलेज के खेल मैदान में चल रहे स्वर्गीय रामकिशोर सिंह स्मारक जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में बृहस्पतिवार को एजे बिरई ने भड़साड़ मगहर को सात विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। टॉस जीतकर भड़साड़ मगहर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 60 रन बनाकर ऑलआउट हो गई ।जवाब में उतरी एजे बिरई की टीम ने 7.4 ओवर में ही चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

मुख्य अतिथि समाजसेवी मृत्युंजय सिंह उर्फ मंटू सिंह व विशिष्ट अतिथि राहुल यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है ।यदि उचित मंच और संसाधन मिले तो यही खिलाड़ी देश का नाम रोशन करेंगे। अंपायरिंग फारुख अली, राहुल मौर्य, कमेंट्री जितेंद्र, बबलू गुप्ता व स्कोरिंग नीरज चौहान, शिवम गौड़ ने किया ।इस दौरान प्रवीण सिंह टुनटुन, शक्ति सिंह, मनोज यादव, सूरजवीर, राहुल सिंह, धनंजय आदि मौजूद रहे।

## पूरी दुनिया में सुशासन का नया आयाम स्थापित किया सीएम योगी ने : कृषि मंत्री

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों गोरखपुर में राजकीय कृषि विद्यालय के नवीनीकृत भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चतुर्दिक विकास के साथ संपूर्ण उत्तर प्रदेश का कायाकल्प हुआ है। सीएम योगी ने देश और दुनिया में सुशासन का नया आयाम स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित सीएम योगी के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐतिहासिक कार्य किए हैं। अन्नदाता किसानों को कृषि यंत्रों के लिए 1500 करोड रुपये का अनुदान दिया गया है। कृषि यंत्रों पर 50 से लेकर 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश में तिलहन उत्पादन 12 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 28.5 लाख मीट्रिक टन हो गया है। कृषि मंत्री ने बताया कि सरकार सभी विकास खंडों पर किसान कल्याण केंद्र की स्थापना करने के साथ ही ऑटोमैटिक वेदर स्टेशन बना रही है। इससे न्याय पंचायत स्तर पर ही किसानों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से मौसम की भावी जानकारी मिलने से उन्हें सिंचाई व खाद, बीज डालने का समय चुनने में आसानी होगी। श्री शाही ने बताया कि पूरे प्रदेश के किसानों के हित संवर्धन के लिए सरकार ने विश्व बैंक के सहयोग से चार हजार करोड़ रुपये की एक विशेष परियोजना को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कल केंद्रीय कैबिनेट द्वारा डीएपी



खाद की कीमतों को न बढ़ने देने के लिए गए निर्णय पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा डीएपी के लिए 3850 करोड रुपये अनुदान का प्रावधान किए जाने से अब प्रति बोरी अनुदान भी बढ़कर 2500 रुपये हो जाएगा स्वागत संबोधन में पिपराइच के विधायक महेंद्रपाल सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों, नौजवानों और महिलाओं की सरकार है। सीएम योगी हैं तो सबकुछ मुमकिन है। उनकी सरकार हर स्थिति में किसानों के साथ है और उन्हें आगे बढ़ाने और उनकी आय दोगुनी करने के लिए दृढ़ संकल्प से कार्य कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पालिका की दुकानों का किराया हुआ दोगुना, मरम्मत अनुमति शुल्क भी बढ़ा

## बोर्ड बैठक में कंबल व हीटर खरीद के साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पास

- प्रत्येक वार्ड को पालिका देगी 50-50 कंबल
- अबकी बार चुने गए सभासदों को ही बैठने की अनुमति दी गई



**इटावा।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक पालिकाध्यक्ष ज्योति गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पालिका सभागार में आयोजित बैठक में अधिशासी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी समेत 31 सभासदों की मौजूदगी में पहली बार बैठक में केवल चयनित जनप्रतिनिधियों को ही बैठने की अनुमति दी गई। दरअसल पिछले कुछ सालों में नगर पालिका बोर्ड बैठक में प्रतिनिधियों के शामिल होने के चलते कई बार अव्यवस्था की स्थिति देखने को मिलती है लिहाजा इस बार महिला सभासदों के पति अथवा उनके बेटे को प्रतिनिधि के तौर पर शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई। इसके साथ ही बैठक में कोई भी सांसद व विधायक प्रतिनिधि शामिल नहीं हो सका। बोर्ड बैठक में नगर पालिका की आय बढ़ाने को लेकर पालिका की दुकानों का वर्तमान निर्धारित किराए में दोगुनी की वृद्धि का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा दुकान तोड़कर फिर से निर्माण करने के लिए अनुमति शुल्क एक लाख रुपये निर्धारित किया गया। वर्तमान मरम्मत अनुमति शुल्क 3100 की जगह इससे वृद्धि करते हुए 21000 रुपए किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही नाम परिवर्तन स्थान नामांतरण के वर्तमान कंपाउंड शुल्क 500 रुपए प्रति वर्ग फुट में वृद्धि करते हुए 1500 प्रति वर्ग फुट किए जाने का प्रस्ताव किया गया, हालांकि इस पर कुछ सभासदों की आपत्ति पर इसे फिर से निर्धारित करने का आश्वासन पालिका ईओ ने दिया। इसके अलावा सर्दी से बचाव के लिए 10 बड़े हीटर खरीदने व जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए वितरित किए जाने वाले 2000 कंबलों का प्रस्ताव भी स्वीकृत कर लिया गया जिसमें प्रत्येक सभासद को 50 कंबल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। पालिका बोर्ड की बैठक में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति समेत अन्य व्यवस्थाओं के लिए जहां एक ओर तीन नए नलकूप स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया तो वहीं पुराने 10 नलकूपों की रीबोरिंग व पुराने 20 नलकूपों के पंप हाउस की मरम्मत का भी प्रस्ताव पारित किया गया। पालिका द्वारा 25 किलोमीटर पानी की पाइपलाइन बिछाने के कार्य को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

सभासद शरद बाजपेई ने पिछली बैठकों में दिए गए प्रस्तावों के पूरा न होने पर नाराजगी व्यक्ति की उन्होंने कहा की दुकानों का किराया दोगुना करने से व्यापारियों पर अत्यधिक लोड पड़ेगा इसलिए इसे फिर से निर्धारित किया जाए। उन्होंने अटल पथ पर जानकारियां मांगते हुए कहा कि यह काम किसके द्वारा कराया जा रहा है अटल जी की प्रतिमा स्थापना के साथ-साथ ही डीएम चैराहे पर सौंदर्य करण हेतु स्वीकृत एस्टीमेट को पुनरीक्षित किया गया है यदि हां तो धनराशि का विवरण देने की मांग की। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि अटल पथ बनाने के सभी कर्यों लिए निविदाएं आमंत्रित हुई है, निविदाएं सूचनाओं दो समाचार पत्रों में प्रकाशित हई है ऐसे कार्य करने का कोई अनुभव रहा है, उन्होंने मांग की कि अटल पथ पर उनके प्लेटफार्म को तत्काल बड़ा किया जाए, लाइटें एवं फुब्बारे लगाये जाए और एक छत्र प्रतिमा के ऊपर लगाया जाए और अटल जी की गलत लिखी कविता को सही कराया जाए। शरद बाजपेयी ने कहा कि बांके बिहारी फर्म जिसे पिछले एक वर्ष से अधिक समय से वर्क आर्डर दिए जा चुके हैं फिर भी उस फर्म ने काम शुरू नहीं किए हैं इस फर्म को तत्काल ब्लैक लिस्ट किया जाना चाहिए साथ ही इसकी व जी.एस. इन्टरप्राइजेज के सभी प्रपत्रों, एफ.डी. व कागजों की जांच कराई जाए व साथ में अनुभव प्रमाण पत्र की भी जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों की पीएफ खातों की सूची दी जाए क्योंकि पीएफ में ठेकेदार द्वारा बहुत बड़ा घोटाला किया जा रहा है। पालिका बोर्ड बैठक में अध्यक्ष ज्योति गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार मणि त्रिपाठी ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही हाल में मंडल में पहली नगर पालिका के तौर पर इटावा नगर पालिका को आईएसओ प्रमाण पत्र मिलने पर भी खुशी जाहिर करते हुए सभी सभासदों व ईओ ने अध्यक्ष को आईएसओ प्रमाण पत्र सौंपा। बैठक के अंत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह व सभासद सरला देवी के पति के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्माओं की शांति की प्रार्थना की गई। बैठक में जलकल अभियंता दुष्यंत कुमार, कर निर्धारण अधिकारी गिरीश चंद्र वर्मा, कर निरीक्षक प्रदीप शर्मा, सुशांत यादव समेत 40 वार्डों के सभासद मौजूद रहे।

### गृहकर व जलकर निर्धारण की नई व्यवस्था होंगी लागू

इटावा। बोर्ड बैठक में कर निर्धारण अधिकारी ने शासन के निर्देश पर नगर पालिका क्षेत्र में आने वाली सभी भवन जिनमें आवासीय, अनावासीय, व्यावसायिक भवनों के साथ ही भूखंडों के वार्षिक मूल्यांकन की गणना गुणांक के आधार पर संपत्ति कर लगाने की व्यवस्था को लेकर भी प्रस्ताव पारित कराया गया। दरअसल पालिका द्वारा आय बढ़ाने के लिए ग्रहकर व जलकर को फिर से निर्धारित करने की एक नई व्यवस्था लागू की गई है जिसमें एक समान कर के लिए सभी वार्ड के अनुसार वहां स्थापित सड़कों की चैड़ाई के आधार पर मकान से ग्रहकर व जलकर की वसूली अब की जाएगी। इसके लिए सभी वार्ड में अलग-अलग व्यवस्था कर पक्के, कच्चे व खाली प्लॉट पर टैक्स लगाया जायेगा।

## एसडीएम ने नुमाइश कार्यक्रमों की जानकारी दी

### 8 को कवि सम्मेलन, 6 को सोनू निगम का मेगा नाइट प्रोग्राम



इटावा। महोत्सव में शुक्रवार शाम 7 से राजस्थान की लोक परंपरा से परिचित कराने के लिए प्रसिद्ध कलाकार मामे खान की प्रस्तुति होगी। द फोक आर्केस्ट्रा ऑफ राजस्थान बाय मामे खान कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायका सरिता भदौरिया द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शनी समिति के जनरल सेक्रेटरी एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने महोत्सव में आयोजित होने वाले द्वितीय चरणों के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रदर्शनी कैंप में बताया कि मामे खान राजस्थान के प्रसिद्ध लोक कलाकार हैं और उनकी टीम में 25 से अधिक कलाकार महोत्सव मंच पर प्रस्तुति देंगे। इसके लिए महोत्सव मंच की साज सज्जा में भी परिवर्तन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में स्पॉन्सर सुदिति ग्लोबल एकेडमी के डायरेक्टर मयंक यादव, एचएन इंटर कॉलेज के डायरेक्टर पवन यादव के अलावा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनय कुमार मणि त्रिपाठी व तहसीलदार सदर जयप्रकाश सिंह कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जुटे हुए हैं। इसके साथ ही 4 जनवरी को पर्यटन विभाग की ओर से श्रीकृष्ण के रूप में विश्व प्रसिद्ध नितीश भारद्वाज द्वारा अभिनीत नाटक चक्रव्यूह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक जिलामहामंत्री बीजेपी प्रशांत राव चैबे ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शाम 7 बजे कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए अपील की है। एसडीएम सदर विक्रम सिंह राघव ने बताया कि 27 दिसंबर से 1 जनवरी तक महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को राष्ट्रीय शोक के कारण स्थापित कर दिया गया था ऐसे में इन कार्यक्रमों की नई तिथियां घोषित कर दी गई है। इटावा महोत्सव में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अब 8 जनवरी को किया जाएगा जबकि महोत्सव का समापन समारोह 13 जनवरी को होगा। महोत्सव का सबसे लोकप्रिय कार्यक्रम अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन मेगा बॉलीवुड नाइट का आयोजन 6 जनवरी को किया जाएगा जिसमें बॉलीवुड के मशहूर सिंगर सोनू निगम की प्रस्तुति होगी। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभा करने की अपील की है।

## महिला, पुरूषों, दिव्यांगजनों को उढ़ाई शॉल



भरथना, इटावा। हाडकपाऊ ठिठुरनभरी सर्दी से निर्धन, असहाय व जरूरतमन्दों को राहत दिलाने के उद्देश्य से समाजसेवी युवाओं ने आधा सैकडा से अधिक महिला-पुरूषों व दिव्यांगजनों को शॉल ओढाकर राहत दिलायी। विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम मोढी स्थित पंचायतघर में युवा बौद्ध सम्राट समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संयोजक, जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार शाक्य व सचिन यादव के द्वारा समिति के प्रदेश सचिव, पूर्व प्रधान अशोक कुमार शाक्य की मौजूदगी में ग्रामीण अंचल के करीब 60 निराश्रित, असहाय, जरूरतमन्द महिला-पुरूष व दिव्यांगजनों को वर्तमान में चल रही सर्द हवाओं व हाडकपाऊ सर्दी के प्रकोप से राहत दिलाने के उद्देश्य से गर्म शॉल वितरित की। इस मौके पर समाजसेवी आविद अली (फल वाले), हरिओम सविता, छोटू दोहरे, मोनू चैधरी, अंशू शाक्य, अरविंद चैधरी, मोनू शाक्य, सनोज शाक्य, अमित कुशवाहा, निशांत दोहरे, सतेंद्र दोहरे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## एसएसपी ने चौकीदारों व जरूरतमंदों को कंबल दिए



जसवंतनगर, इटावा। नववर्ष के अवसर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा और उनकी धर्मपत्नी नीलम राय वर्मा ने थाना जसवंतनगर में पहुंचकर ग्राम चैकीदारों और जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में चैकीदारों की अहम भूमिका होती है। वे छोटी-बड़ी घटनाओं पर लगातार नजर रखते हैं, जिससे पुलिस को क्षेत्र में शांति बनाए रखने में मदद मिलती है। ठंड के इस मौसम में ड्यूटी के दौरान चैकीदारों को आने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें कंबल दिए गए। साथ ही, थाना क्षेत्र के जरूरतमंदों को भी कंबल वितरित किए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर नागेंद्र चैबे और प्रभारी निरीक्षक थाना जसवंतनगर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना और पुलिस व जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत करना था। नववर्ष पर इस मानवीय पहल की सराहना की जा रही है।

## दीपक को प्रयागराज में मिला भामाशाह सम्मान



इटावा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग निवर्तमान अध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापारिक कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। 29 दिसंबर को प्रयागराज में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय अधिवेशन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसके मुख्य अतिथि रविकांत गर्ग, आनन्द पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर बालकनाथ गिरि, महामंडलेश्वर नवलकिशोर वृन्दावन, नंदगोपाल नंदी कैबिनेट मंत्री वाणिज्यिक निवेश अल्पसंख्यक मामले, राजनैतिक पेन्शन व नागरिक उड्डयन मंत्री, नेटवर गोयल उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम तथा रीता बहुगुणा जोशी रहे।

प्रांतीय समागम में संपूर्ण प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने जिले स्तर पर अपनी अपनी समस्याएं रखीं। मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने प्रदेश के अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि अनावश्यक व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। व्यापारिओं से अपनी समस्याओं को लिखित रूप से प्रदेश कार्यालय को भेजें हम अधिकारियों से स्वयं निराकरण करवाएंगे। श्री गर्ग ने सभी लोगों से सपरिवार महाकुंभ मेले में आने का निमंत्रण भी दिया। कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल नंदी ने व्यापारियों को विश्वास दिलाया कि सरकार व्यापारी हित में कार्य करेगी। महामंडलेश्वर बालकनाथ गिरि तथा महामंडलेश्वर नवल-किशोर वृन्दावन ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर आशीर्वाद दिया। आयोजन प्रयागराज के योगेश गोयल, श्याम कृष्ण कनोडिया प्रदेश संगठन मंत्री तथा अजय मित्तल प्रदेश उपाध्यक्ष तथा आकांक्षा गुप्ता मंडल अध्यक्ष कानपुर का सहयोग सराहनीय रहा। आयोजन में प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। संचालन योगेश गोयल ने किया।

संक्षेप

## ट्रक से कुचलकर तीन तीन लोगों की मौत

**जौनपुर**। जिलें के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अकबर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत है। यह जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक सवार मीरपुर लाइन बाजार से अपने मौसी के घर 32 वर्षीय अरुण पुत्र श्याम, उसकी बहन 18 वषीर्या बबीता और छोटा भाई 12 वर्षीय राजेंद्र अपने मौसी के घर से लाइन बाजार से बाइक से तीन लोग निकले थे । जैसे ही वह अकबरपुर आदमपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास से पहुंचे कि ट्रक की चपेट में आगए जिसकी मौके पर तीनों की दर्दनाक मौत हो गई पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जब घटना स्थल पर परिजन पहुंचे उनके करूण क्रदन से पूरा गांव षोक मय हा गया।

## रिहायशी मड़हा जला

**जौनपुर**। जफराबाद थाना क्षेत्र के गोंडाखास गांव में बुधवार की रात को आग लगने से रिहायशी मड़हा जलकर राख हो गया। मड़हे में रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर खत्म हो गया। किसी तरह से परिवार वालों ने मड़हे से निकल अपनी जान बचायी। उक्त गांव निवासी सुनीता देवी पत्नी शेखर राजभर रात खाना खाकर सो गये।अचानक देर रात मड़हे में तेज धुआं उठा और आग जलने लगी।सुनीता सहित परिवार के अन्य लोगों की नीदें खुल गयी। जब तक वह लोग कुछ समझ पाते आग ने मडहे को अपने चपेट में कर लिया। आनन फानन में परिवार वाले मड़हे से बाहर आकर गांव वालों को मदद के लिये पुकारा। ग्रामीणों ने आग पर काबू तो पाया लेकिन गृहस्थी का सारा सामान सहित जानवरों का भूसा इत्यादि भी जल गया। मड़हे में बंधी बकरी भी झुलस गयी।

## अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकराई

**आजमगढ़**। जहानागंज बाजार में बुधवार की रात में चिरैयाकोट की तरफ से आ रही अनियंत्रित कार ने पहले से खड़ी कार में टक्कर मार दी। तत्पश्चात अनियंत्रित कार विद्युत पोल से टकरा गई। कार के टक्कर से विद्युत पोल धराशाई हो गया। इस दौरान विद्युत आपूर्ति चालू थी। जो शॉर्ट सर्किट के बाद बंद हो गई। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। लोग किसी प्रकार से जान बचाकर भागे। खड़ी कार में कोई सवार नहीं था। जबकि टक्कर मारने वाली कार का चालक भी बाल बाल बच गया। दुर्घटनाग्रस्त कार का चालक गाड़ी से बाहर निकल कर भाग गया।

## जमीन नापने के समय पिता पुत्र को पीटा

**जौनपुर**। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के रंजीतपुर गांव में विवादित जमीन को नापने गए लेखपाल के सामने विपक्षी ने पिता पुत्र को पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव निवासी प्रेम कुमार संतोषी ने थाना दिवस पर प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर लेखपाल को मौके पर जाकर नापी करने का आदेश हुआ था। लेखपाल राबिन कुमार पटेल के साथ प्रेम कुमार संतोषी अपने पुत्र निर्देश कुमार के साथ मौके पर पहुंच गए। लेखपाल और उनके साथ प्रेम कुमार व उनके पुत्र को देखकर पाटीदार आपे से बाहर हो गये और 8 और 10 की संख्या में लाठी डंडे से पीट कर पिता पुत्र को लेखपाल के सामने मारकर उनका मोबाइल भी छीन लिया। घायल पिता पुत्र जब थाने पर पहुंचे तो पुलिस ने उनकी लिखी हुई तहरीर को हटाकर दूसरी तहरीर लिखवाया तब जाकर पिता पुत्र को चिकित्सकिय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर एनटीपीसी ने दी विदाई



**सोनभद्र**। एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना मे अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 10 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं। अतुल मरखेडकर, अपर महाप्रबंधक, परशुराम देव, वरिष्ठ प्रबंधक ऋषि नारायण सिंह, अभियंता, उमेश कुमार पाण्डेय, अभियंता/ एसएलपीएस, राजमणि पटेल, रामजियावन नामदेव, गोपाल कृष्ण सिरोटिया, अधिकारी/ एसएलपीएस राम सहाय, प्रचालक, हरी प्रसाद, प्रचालक एवं लगनधारी चर्मकार, प्रचालक। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में कार्यकारी निदेशक ई0सत्य फणि कुमार एवं महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की यूनियन/एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक ई0सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी-विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी-विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा। साथ ही महाप्रबंधक संजीब कुमार साहा नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपने जीवन की नई पारी की नए सिरे से शुरूआत करने हेतु शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसी कड़ी मे विभागाध्यक्षों ने भी सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शुभकामनायें दीं तथा सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सम्मान की कड़ी में सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का कार्यकारी निदेशक ई0सत्य फणि कुमार व अन्य महाप्रबंधकगणों द्वारा श्री फल, शाल एवं स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को एनटीपीसी मे उनके द्वारा दी गई दीर्घ सेवाओं के लिए दीर्घ सेवा प्रमाण-पत्र आदि भी प्रदान किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने बारी-बारी से एनटीपीसी से जुड़ी अपनी यादों को साझा किया। सभी नें एनटीपीसी में अपने बिताए समय को अविस्मरणीय कहा। उन्होने कहा कि उनकी पहचान एनटीपीसी के कारण ही बनी है और वे अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसी के साथ सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों ने सभी सहकर्मियों को उनके सहयोग एवं सानिध्य के लिए विशेष तौर से धन्यवाद दिया।

## दो बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, चार घायल

**मीरजापुर**। जनपद के थाना हलिया क्षेत्र के हलिया-ड्रमण्डगंज मार्ग हथेड़ा गांव में दो बाइको की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई।जबकि दूसरे बाइक सवार सहित चार लोग घायल हो गये हैं ।मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी को उपचार के लिए एम्बुलेंस से पीएचसी हलिया भिजवाया। जहां पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने एक युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया, जबकि एक युवक की हालत गंभीर देखकर मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई। बताते हैं कि ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव निवासी 18 वर्षीय विकास बाइक से अपनी बहन 15 वर्षीय राधा व 13 वर्षीय पूनम के साथ अपने बहन के घर हलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में आया था जहां से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग पर हथेड़ा गांव में पहुंचा की समाने से आ रहे बाइक सवार मधूरा निवासी 45 वर्षीय सर्वेश व हलिया थाना क्षेत्र के बेलगवा गांव निवासी 35 वर्षीय योगेश की बाइक से आपने-सामने भिड़ंत होने से बाइक सवार विकास की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गये. मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सभी घायलों को उपचार के लिए एम्बुलेंस वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया ,जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे बाइक सवार सर्वेश के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए मण्डलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। विकास की मौत की सूचना पर बहन पूनम व राधा रोने बिलखने लगी थीं. चारों घायलों का उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने पर घटना स्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने घटना की जांच पड़ताल करने के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपनिरीक्षक अच्छे लाल यादव के साथ पहुंचकर मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृत युवक छह भाइयो में सबसे छोटा था,जिसकी अभी शादी नहीं हुई है। मौके पर मौजूद लोगों की माने तो युवक हेलमेट भी नहीं लगाया था ।दो दिन हुआ बाहर से घर आया था दोनों बहनों के साथ रिश्तेदार के यहां घूमने आए थे।

## रंजिशन मारपीट में सपा कार्यकर्ता की हत्या

**मीरजापुर**। थाना कटरा कोतवाली क्षेत्र के हरना की गली में देर रात मारपीट के दौरान एक 22 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई। दबंगो नें धारदार हथियार से हमला कर, युवक को मौत के घाट उतार दिया। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। बताते हैं कि पुरानी रंजिश को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था । दिनांक 01.01.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रांतर्गत हरना गली तुलसी चौके के पास दो पक्षों में मारपीट हो जाने के कारण एक व्यक्ति प्रियांशु ओझा पुत्र सुरेश चन्द्र ओझा उम्र करीब 22 वर्ष घायल हो गया । परिवारीजनों द्वारा घायल युवक को इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्रियांशु उपरोक्त की स्थिति को देखते हुए ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिये रेफर कर दिया गया । रास्ते में प्रियांशु उपरोक्त की मृत्यु हो गयी । सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी व थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना कोतवाली कटरा पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जें में लेकर तथा परिजनों के द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है ।

## पीएम आवास के लिए सर्वे शुरू

**शाहगंज,सोनभद्र**। घोरावल विकास खण्ड क्षेत्रान्तर्गत प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) के लिए एक जनवरी से सर्वे का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए ब्लाक मुख्यालय पर सम्बंधित विभाग में तैनात कम्प्यूटर आपरेटर रामानन्द मौर्य ने बुधवार को बताया कि इसके लिए कुल 36 सर्वेयरों को सत्यापन हेतु लगाया गया है। जो गाँवों में जाकर स्थलीय निरीक्षण के उपरान्त प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) प्लस का सर्वे करेंगे।

## मकान गिरने से एक ही परिवार के 6 सदस्य दबे, एक की हालत गंभीर

**मीरजापुर**। जनपद के थाना लालगंज क्षेत्र के बसही कलां गांव में गुरुवार की भोर में एक बड़ा हादसा हुआ। लगभग 4 बजे अचानक एक कच्चा मकान गिर गया, जिसके कारण मकान के अंदर सो रहे एक ही परिवार के 6 सदस्य मलबे में दब गए। मकान गिरते ही चीख-पुकार मच गई। शोर-गुल सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह मलबे से सभी को बाहर निकाला। इनमें से एक सदस्य को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना ग्राम प्रधान को दी, जो तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल सदस्य 50 वर्षीय अगनू को इलाज के लिए भेजने के साथ-साथ शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान रहीश अहमद ने बताया कि अगनू का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में डाला गया है और क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दी गई है। बताते हैं कि अगनू, जीरावती, अमरावती, रेशमा और उनके दो छोटे बच्चे कच्चे मकान में रहते थे और मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। अचानक अगनू का कच्चा मकान गिर गया, जिससे परिवार के सभी सदस्य दब गए. इस हादसे में अगनू को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि अन्य पांच सदस्य मामूली रूप से घायल हुए हैं। मकान में रखा सामान, जैसे चारपाई, बर्तन और खाद्य सामग्री, मलबे में दबकर नष्ट हो गया. इस हादसे के बाद गांव में अफरातफरी मच गई।

## हमारी संस्कृति हमारी पहचान के तहत आयोजित होगा संस्कृति उत्सव

**आजमगढ़**। उप्र पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन करने हेतु जनपद स्तरीय आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें डीएम अध्यक्ष, सीडीओ उपाध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक निदेशक सूचना सदस्य एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी सदस्य-सचिव हैं। डीएम ने बताया उत्तर प्रदेश पर्व-हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत संस्कृति उत्सव 2024-25 का आयोजन के क्रम में 2-5 जनवरी 2025 तक गांव, पंचायत, ब्लाक एवं तहसील स्तर के कलाकारों की प्रतियोगिता तहसील मुख्यालय पर, 7-8 जनवरी 2025 तक तहसील स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता जनपद मुख्यालय पर, 10-12 जनवरी तक जनपद स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता मण्डलीय मुख्यालय पर, 18-20 जनवरी 2025 तक मंडल स्तर के चयनित कलाकारों की प्रतियोगिता प्रदेश की राजधानी मुख्यालय लखनऊ में, 23 जनवरी को लखनऊ से सम्पन्न प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों का उत्तर प्रदेश पर्व में प्रतिभाग हेतु पूर्वाभ्यास तथा 24-26 जनवरी 2025 तक उत्तर प्रदेश पर्व के अवसर पर अंतिम रूप से चयनित प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां, सम्मान व पुरस्कार का वितरण किया जायेगा। उन्होने बतायाउप्र के सभी ग्रामीण व शहरी इलाकों में प्रचलित सांस्कृतिक विधा, शास्त्रीय गायन, ख्याल, ध्रुपद, उपशास्त्रीय गायन, ठुमरी, दादरा, चैती, चैता, झूला आदि, सुगम संगीत, गीत गजल भजन, देशभक्ति गीत एवं अन्य तथा वादन के अन्तर्गत स्वर वाद्य सुषिर वाद्य बांसुरी, शहनाई, हारमोनियम तन्तु वाद्य सितार, आदि सांस्कृति विधाओं में दक्ष कलाकारों को खोजकर प्रस्तुतीकरण कराया जायेगा। डीएम ने बताया संबंधित अधिकारी के माध्यम से संस्कृति विभाग द्वारा सुगम रजिस्ट्रेशन हेतु तैयार किये गये पोर्टल पर नियमानुसार रजिस्ट्रेशन एवं डाटा फिडिंग का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा तथा हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ के कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जायेगी और कन्ट्रोल रूम में एडीएम व डीडीओ द्वारा शिफ्ट वार कार्मिकों की तैनाती की जायेगी।

## तुमको मेरा प्रणाम शहीदों मुल्क पर मरने वाले...



जिला संवाददाता (vol)

- शहीद सुनील की याद में कवि सम्मेललन का आयोजन

**आजमगढ़**। कारगिल विजय उपरांत शहीद सुनील कुमार पाठक जी की 51वीं जयंती के अवसर पर उनके गांव विशुनपुर राज मंदिर उर्फ लीलापुर स्थित उनके आवास पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद सुनील पाठक के चित्र पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, बेंच ऑफ मजिस्टेªट अखिलेश सिंह, साहित्यकार संजय कुमार पांडेय सरस, वरिष्ठ साहित्यकार श्रमिक नेता प्रभु नारायण पांडेय, शिव प्रसाद पाठक, अविनाश पाठक, अमित पाठक, कृपा शंकर पाठक, श्रीकृष्ण पाठक सहित उपस्थित जनों ने पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धाजंलि दी। संचालन साहित्यकार संजय कुमार सरस ने किया। इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

इसके बाद मिजार्पुर से आयीं पूनम श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना कर कवि सम्मेलन का आगाज किया। शायर ताज आजमी ने शहीदों को याद कर कारगिल हो या हिमालय की चोटी सामने, सर कटा सकते है लेकिन सर झुका सकते नहीं सुनाकर लोगों को राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं पूनम श्रीवास्तव ने शहीदों की याद में एक से बढ़कर कविता पढ़ी। जिंदगी दांव पर लगा तू अमन के लिए, पी गये मौत प्याला एहले-वतन के लिए। वहीं संजय कुमार पांडेय सरस ने अपनी रचना अब ये मजहबी झगडे कभी नहीं होंगे, मगर प्रेम का पाठ सबको पढ़ाना होगा सुनाकर आपसी भाई-चारगी का संदेश दिया। इसके उपरांत वरिष्ठ साहित्यकार प्रभु नारायण पांडेय प्रेमी ने शहीदों को समर्पित रचना तुमको मेरा प्रणाम शहीदों मुल्क पर मरने वाले, हंसते हंसते हुए फांसी पर वो चढ़ने वाले.. सुनाकर लोगों भाव विभोर कर दिया। इसके अलावा आदित्य आजमी, वरिष्ठ साहित्यकार डा. प्रमोद वाच्सपति जौनपुर, सुमती श्रीवास्तव जौनपुर ने भी काव्य पाठ किया। इस अवसर पर अजय सिंह, भूपेन्द्र सिह, सरफराज पठान, समाजसेवी विपिन, अरविन्द पाठक, सुभद्रा देवी, शांति पाठक, प्रिया पाठक, रेनू पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं से छेड़खनी , लूटने का आरोप

**जौनपुर**। गौराबादशाहपुर कस्बा निवासी अमन कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कस्बे के ही दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा शिव मंदिर पर पूजा के लिए जा रही घर की औरतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया तथा विरोध करने पर मारपीट का दुकान में रखे तीस हजार रुपए लूटने का आरोप लगाकर कार्यवाही की मांग की है। आरोप है कि 30 दिसंबर को अमन कुमार गुप्ता के घर की औरतें और बच्चे कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर पर पूजा के लिए जा रहे थे। रास्ते में दूसरे समुदाय का युवक अपने घर के पास खड़ा था तथा पूजा के लिए जा रही औरतों से छेड़छाड़ कर दी घर जाकर औरतों के बताने पर अमन कुमार गुप्ता उक्त युवक से पूछताछ करने के लिए गया तो उसके मोहल्ले के लोग जुट कर मामले को जबरदस्ती रफा-दफा कर दिए। इसी रंजिश को लेकर 30 दिसंबर को ही शाम लगभग 5रू30 बजे आधा दर्जन लोग अमन कुमार की दुकान पर पहुंच कर उसको गालियां दी तथा मारपीट कर घायल कर दिया। जाते-जाते दुकान में रखे तीस हजार रुपए भी उठा ले गए। अमन कुमार गुप्ता का आरोप है कि गौराबादशाहपुर थाने पर तहरीर देने के बाद भी पुलिस इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

## सेवा के लिए समर्पित है स्काउट गाइड

**जौनपुर**। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय स्काउट गाइड शिविर के चैथे दिन एकता एवं अनुशासन विषय पर सौदागर हाल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इंद्र नंदन सिंह,विशिष्ट अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल मौजूद रहे। परीक्षा नियंत्रक विनोद कुमार सिंह ने कहा स्काउट गाइड देश के प्रति समर्पित एवं सेवा का भाव जाग्रत करती है ।सिटी मजिस्ट्रेट ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड आपदाओं में बचने में सहायक होती है । बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने कहा स्काउट गाइड से युवाओं में एक ऊर्जा के साथ अनुशासन एवं एकता का भाव उत्पन्न होता है ।प्राचार्य ने कहा स्काउट गाइड की सेवा हमेशा हर असहाय की मदद के लिए समर्पित रहती है चाहे वह किसी भी वैश्विक बीमारियों के बचाव एवं लोगों को जागरूक करने के विषय में हो ।आए हुए अतिथियों का प्राचार्य ने बुके एवं पुष्प अर्पित करके स्वागत एवं अभिनंदन किया स्मृति चिन्ह एवंम अंग वस्त्रम भी भेंट किया । संचालन अहमद अब्बास खान ने किया। डी.ओ.सी राकेश कुमार मिश्र, प्रधानाचार्य मोहम्मद नासिर खान,डीएलएड प्रभारी आरपी सिंह,डॉ सुनील दत्त मिश्रा,डॉ प्रज्वलित यादव डॉ गुलाब,डॉ संतोष,डॉ0 आशीष श्रीवास्तव, सुबरीना रशीद, प्रतिमा, तकरीम, अदिति,फरहीन,अजय चैहान,नितेश प्रजापति,बी.एड स्काउट गाइड एवं महाविद्यालय परिवार छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## पूर्व सांसद की माता को श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़



**जौनपुर**। पूर्व सांसद धनंजय सिंह की माता व पूर्व विधायक राजदेव सिंह की पत्नी स्व. लालती देवी की 22वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव बंसफा में सादगी से मनाया गया। मां लालती देवी को श्रद्धांजलि देने के लिए जन प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, डाक्टरों, समाजसेवियों, व्यापारियों के साथ जन मानस का दिनभर आना जाना लगा रहा। देर शाम तक लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री जमा खान ने स्व.लालती देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि स्व. लालती देवी उदारता, सादगी, परिश्रम व जीवन के उच्च मूल्यों के प्रतिमान थीं। मां त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति होती है वह अपने बच्चे की कुशलता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने को तत्पर रहती है। मिजार्पुर के विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह ने कहा कि उन्होंने सदैव गरीब, असहायों की भलाई के लिए कार्य किया है। विधान परिषद सदस्य विद्यासागर सोनकर ने कहा मां का प्रेम निःस्वार्थ होता है पुत्रों की सेवा करते हुए वह कभी नहीं सोचती उसके उपकारों का प्रतिफल मिलेगा। फैजाबाद के पूर्व विधायक खब्बू तिवारी व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू ने कहा कि स्वगीर्या लालती देवी में एक आदर्श माँ के सारे गुणों का समावेश था। इससे पहले पूर्व सांसद धनंजय सिंह व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू सुबह ही जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किया। घर पर ही एक दिन पूर्व शुरू हुए श्रीरामचरित मानस पाठ के समापन के पश्चात हवन पूजन के साथ प्रसाद बांटा गया। जिपं अध्यक्ष श्रीकला धनंजय सिंह व पूर्व विधायक राजदेव सिंह ने आभार ज्ञापित किया। ख संजय सिंह, विनय सिंह, राहुल सिंह, वंशराज सिंह, संदीप सिंह, अरविंद सिंह मखडू, डा. तेज सिंह, डा.विनोद सिंह, डा.विनोद कनौजिया, व्यापारी नेता इंदु सिंह, बीएसए डा. गोरखनाथ पटेल, डा. अंजना सिंह, पप्पू माली, शिक्षक नेता रमेश सिंह, अमित सिंह सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## लघु उद्योग ऋण के लिए करें आवेदन

**सोनभद्र**। प्र0उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र आरपी गौतम ने अवगत कराया है कि सरकार के निदेर्सानुसार सुक्ष्म, लद्यु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 के द्वारा जनपद में उद्योगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनपद के युवाओं को रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा जनपद में पूजीं निवेश को बढावा देने/आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 01 लाख नई सूक्ष्म, लद्यु मध्यम इकाईयों को स्थापित किये जाने हेतु उक्त योजना को मिशन मोड के रूप में आगामी 10 वर्षो की समयावधि में प्रदेश में 10 लाख नयी सूक्ष्म इकाईयां स्थापित किये जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजनाका प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदक जनपद का निवासी होना चाहिए एवं आवेदक की 21 से 40 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा आठ होनी चाहिए। इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अथव समकक्ष को वरीयता दी जायेगी। आवेदक को विभाग द्वारा संचालित प्रशिक्षण योजनाओं जैसे-विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजना, अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग प्रशिक्षण योजना, उत्तर प्रदेश स्किल डवलपमेन्ट मिशन द्वारा संचालित कौशल उन्नयन आदि में प्रशिक्षण हो अथवा किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय/शैक्षिणिक संस्थान से कौशल सम्बन्धि सर्टिफिकेट कोर्स/डिप्लोमा/डिग्री प्राप्त/अन्य तकनीकी शिक्षा प्राप्त एवं अनुसूचित जाति/जनजाति महिला अभ्यार्थियों को भी वरीयता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि आवेदक दी गयी वेबसाइट ी httpeèmsme.up.gov.in पर निःशुल्क आवेदन कर सकते है। आवेदन ऑनलाइन करते समय निम्न शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र जैसे न्यूनतम आठवीं की मार्कशीट/ हाईस्कूल अंक प्रमाण पत्र आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, स्कैन हस्ताक्षर, निवास का प्रमाण, नोटकृत हलफनामा एवं परियोजना रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना होगा।

## डीएम और एसपी ने करोड़ों से नवनिर्मित हाईटेक पौधशाला का किया औचक निरीक्षण

**सोनभद्र**। डीएम बीएन सिंह व एसपी अशोक कुमार मीणा ने आज उद्यान विभाग, विकास खण्ड, घोरावल के राजकीय प्रक्षेत्र, ओबराडीह में धनराशि 1 करोड़ 9 लाख की लागत से नवनिर्मित हाईटेक पौधशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नई तकनीक से उगायी जा रही अच्छी गुणवत्ता के सब्जी के पौधें तैयार करने की प्रक्रिया बारी-बारी से स्थलीय जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने निर्देशित किया कि अच्छी गुणवत्ता के सब्जी पौधें तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराया जाये तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित कर उनसे उत्पादन कार्य लिया जाय, जिससे औद्यानिक क्षेत्र में नई तकनीक का प्रयोग को बढ़ावा मिले और उत्पादकता में भी वृद्धि हो। उन्होंने कहा कि मिनी सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण से जनपद के कृषकों को उन्नत किस्म के सब्जी के पौधें प्राप्त होगें तथा रोजगार के अवसर भी जनपद में ही उपलब्ध होगें। जनपद में अधिक से अधिक कृषकों के यहां इसी तर्ज पर पॉली हाउस का निर्माण कराया जाये, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो सकें। निरीक्षण के दौरान जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम ने जानकारी दी कि हाईटेक पौधशाला में सीड ग्रोइंग चैम्बर में फैन-पैड का निर्माण किया गया है तथा सिडिंग मशीन के सहायता से सीड की बुवाई ट्रे में की जायेगी। जहाँ कन्ट्रोल वातावरण में बीजों से स्वस्थ व रोगमुक्त पौध तैयार किये जायेग, साथ ही हार्डनिंग चैम्बर का निर्माण कराया गया था। 20 दिन बाद सीड ग्रोइंग चैम्बर से तैयार पौधों को हार्डनिंग चैम्बर में रखा जाता है, ताकि पौधों को खुले खेत में लगाने हेतु तैयार हो जाये, तत्पश्चातहार्डनिंग चैम्बर में तैयार पौधों को कृषकों को खेत में रोपाई हेतु उपलब्ध कराया जाता है। हाईटेक पौधशाला का उद्देश्य बीजों के जमाव प्रतिशत को बढ़ाना, सूक्ष्म एवं मृदु बीजों से पौधों का सुविधापूर्वक उत्पादन, उपयुक्त वातावरण के समय पौध उपलब्ध कराना, गुणवत्तायुक्त पौध तैयार करना, रोग-कीट के प्रभाव रहित पौध का उत्पादन, मृदा रहित मीडिया के कारण जड़ों का उपयुक्त विकास, कम क्षेत्रफल में अधिक पौध उत्पादन, कम क्षेत्रफल में रोग-कीट नियंत्रण की सुविधा है।

## बुजुर्ग सम्मान के पात्र हैं, इनका सम्मान करें



**जौनपुर**। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने अपनी पूरी टीम के साथ वृद्धआश्रम सुक्खीपुर पहुँच कर बुजुर्गो के साथ नया साल मनाया। सभी बुजुर्गो का हाल पूछा और सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की। साथ ही बुजुर्गो में चवनपराश वितरित किया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वृद्धआश्रम में गर्म पानी की व्यवस्था के तौर पर गीजर और 50लीटर के आर ओ की व्यवस्था की ।बीएसए के इस कार्य से बुजुर्गो के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई । डॉ. पटेल ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गो को कभी भी नहीं भूलना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए। बड़े बुजुर्गो का आदर करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल,वित्त एवंम लेखाधिकारी बेसिक राजू कुमार पांडेय, वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी उपाध्याय ए आर पी राजू सिंह,विजय शर्मा, डी सी विशाल उपाध्याय, डीसी रजा हसन, डीसी दुर्गेश पटेल,डीसी शैलेन्द्र गुप्ता, डीसी शशि धर उपाध्याय, अजय यादव, एसआरजी अजय मौर्या, एसआरजी कमलेश यादव व अन्य मौजूद रहे।

# जिपं की बैठक में 12296 करोड़ का प्रस्ताव



**जौनपुर**। कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में जिला पंचायत सदन की बैठक श्रीमती श्रीकला धनन्जय सिंह, अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गयी है। जिसमें हारून, अधिशासी अभियन्ता (सिविल द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सदन में बिन्दुवार जिला पंचायत के गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि किया गया, जिला पंचायत का पुनरीक्षित बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के मु० 163.10 करोड़ रुपए, जिला पंचायत का मूल वजट वित्तीय वर्ष 2025-26 के मु0 106.38 करोड रुपए, वित्तीय वर्ष 2025-26 के 15वाँ वित्त (टाईड ग्रान्ट व अनटाईड ग्रान्ट) एवं पंचन राज्य वित्त आयोग योजना की वार्षिक कार्ययोजना बनाये जाने पर विचार के साथ जनपद जौनपुर का मनरेगा लेबर बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुमोदन किये जाने का प्रस्ताव सदन द्वारा सर्व सम्मति से पास किया गया। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा जनपद के गरीब, बेसहारा एवं मध्यम वर्ग के परिवार के लिए मा० प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्यति होने की नये नियमव शर्तों के बारे में सदन को अवगत कराया गया। अन्य प्रस्ताव अध्यक्ष की अनुमति से सदस्यगण, जिला पंचायत द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावो पर चर्चा किया गया, जिसमें कतिपय ना० सदस्यगण के क्षेत्र में हाईमास्ट मास्ट लाईट से सम्बन्धित समस्या को लेकर सदन के पटल पर रखा गया, जिसके क्रम में अध्यक्ष द्वारा अभियन्ता एवं अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, को तत्काल समस्या का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सदस्य बाघ सिंह चैहान द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत द्वारा कतिपय राडको के निर्माण कार्यो पर ठेकेदार द्वारा साईन बोर्ड नही लगाया गया है तथा बोर्ड पर नाम गलत हो गया है, जिसमें सुधार लाये जाने हेतु अपेक्षा की गयी।बृजेश कुमार सिंह ह्मप्रिन्सू, विधान परिषद सदस्य द्वारा जिला पंचायत के कार्यो को विकास की गति देने के लिए अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की सराहना करते हुए अवगत कराया गया अध्यक्ष महोदया द्वारा राज्य सरकार से जनपद जौनपुर के ग्रामीण क्षेत्रो में जर्जर सड़को को एफडीआर पद्धति से 154.00 किमी. मु. 12296.00 करोड रु. की लागत से निर्मित किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जिसके स्वीकृति हेतु अध्यक्ष प्रयासरतहै ।बैठक में अमरेश रतन सिंह, पवन कुमार, लक्ष्मीकान्त यादव, विकास यादव, डा० सुनीता बर्मा, श्रीमती द्रौपती यादव, श्रीमती कृष्णा सिंह आदि सदस्य एवं संजय सिह प्रमुख क्षेत्र पंचायत, सिकरारा, श्रीमती माण्डवी सिंह प्रमुख क्षेत्र पंचायत, महराजगंज, श्रीमती तारा देवी मप्रमुख क्षेत्र पंचायत, रामनगर, श्रीगती विमलेश यादव प्रमुख क्षेत्र पंचायत, धमार्पुर, श्रीमती उषा देवी म प्रमुख क्षेत्र पंचायत, मुफ्तीगंज तथा अन्य विकास खण्डो के ब्लाक प्रमुखगणो की उपस्थिति रही।

संक्षेप

## यूडीएसपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**ललितपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आईडीएसपी कार्यक्रम के अंतर्गत यूडीएसपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में यूडीएसपी पोर्टल पर डाटा एन्ट्री करने पर चर्चा हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि संक्रामक रोगों के सर्विलान्स हेतु सरकार द्वारा निर्मित यू.डी.एस.पी. पोर्टल द्वारा 12 मुख्य रोगो का सर्विलान्स किया जा रहा हैं। चिकित्सा इकाईयों द्वारा उक्त रोगो के प्रज्मटिव केस एवं लैब जांच का विवरण पोर्टल पर दैनिक स्तर पर (रियल टाईम) किया जाता हैं। सर्वलेन्स अधिकारी डा.आर.एन. सोनी ने बताया कि यू.डी.एस.पी. पोर्टल पर रियल टाईम डाटा एन्ट्री होने से रोगो के रोकथाम में मदद मिलती हैं। महामारी रोग विषेशज्ञ एवं ने सी.बी.एच.आई. की मदद से कन्फर्म डाग्योनिसस बाले रोगियों की सूचना संकलित की जाती है।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों, उपलब्धियों एवं विकास कार्यक्रम के प्रचार प्रसार के दृष्टिगत ब्लॉक रामकोला में सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

**● तीन दिनों तक चलने वाली प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को किया जाएगा जागरूक**

जिसका शुभारंभ ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण व खंड विकास अधिकारी विजय सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रदर्शनी में केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्र के माध्यम से प्रदर्शनी को लोगों ने देखा। खंड विकास कार्यालय रामकोला के प्रांगण में सरकार के विभिन्न योजनाओं का से संबंधित पोस्टर के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का उद्देश्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचना है। प्रदर्शनी के मुख्य गेट पर ही काशी और मथुरा की लोक संस्कृति तथा विकास को दशार्ता सुंदर तस्वीर लगाई गई थी।

इसके अलावा कृषि, चिकित्सा, शिक्षा, रक्षा उपकरणों में आत्मनिर्भरता ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण, महाकुंभ दीपोत्सव, किसानों के गन्ने का मूल्य भुगतान, 18 मंडलों में आवासीय विद्यालय का निर्माण, स्वरोजगार से स्वालंबन, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, घरों में बिजली कनेक्शन, गन्ना, चीनी, आलू, दूध एवं आंवला उत्पादन में अग्रणी, आधुनिक एवं अलौकिक श्री राम नगरी अयोध्या, पात्र लोगों को राशन उपलब्ध कराना आदि योजनाओं का आंकड़ा सहित पोस्टरो के माध्यम से प्रदर्शनी लगाई गई थी। ब्लॉक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विकासखंड के 41 गांवो के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत तथा जनता तक सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणार्थ योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है, उन तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करनी है। प्रदर्शनी के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, आवास, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को रोजगार, गरीब परिवार की महिलाओं को गैस कनेक्शन सहित कई जनकल्याणकारी कार्यों योजनाओं से आमजन को बताया गया। इस दौरान प्रधान संघ जिला उपाध्यक्ष राजेश राव, प्रधान संघ ब्लाक अध्यक्ष सतीश मौर्य, रंजित मौर्य, अखिलेश मौर्या, संजय चौहान, आनंद दीक्षित, दया तिवारी, धीरज यादव, राणा प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

## महदी अली पुनः हिंदू सनातन धर्म में करेंगी वापसी

**अयोध्या।** कौशांबी के रहने वाले अनुज प्रताप सिंह जो कि धर्म परिवर्तन करके महदी अली बनकर जीवन यापन कर रहे थे ने अपनी पुरानी जडों में वापस लौटने का निर्णय किया है। उन्होंने प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि कुछ कट्टरपंथी मुसलमानों के जाल में फंस कर हिंदू सनातन धर्म से विमुख हो गए थे और उन्होंने मुस्लिम पंथ अपना लिया था, किंतु मुस्लिम पंथ अपनाने के बाद जो उसमें व्याप्त गंदगी और राष्ट्र के प्रति, हिंदू सनातन धर्म के प्रति, उनकी कृत्सित भावनाओं से आहत होकर उन्होंने इस्लाम को छोड़ने का निर्णय किया है महदी अली ने अभी बताया कि कट्टरपंथी इस्लामिक जिहादियों से उन्हें अपनी जान को खतरा है और इसके लिए उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र प्रेषित कर अपनी जान और माल की सुरक्षा की गुहार की है। इस मौके पर मौजूद पांडेय जो कि हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरक्षा के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है।

## खुले आस्मां में न सोए, नजदीकी रैन बसेरा में जाए: डीएम



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने बुधवार की देर रात्रि ठंड के दृष्टिगत रैन बसेरा, जिला अस्पताल आदि का निरीक्षण कर किए गए इंतजामों और अन्य व्यवस्थाओं आदि का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने पडरौना स्थित जलकल भवन, रेलवे स्टेशन पर आगंतुकों का हाल जाना। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी निराश्रित व्यक्ति बाहर न रहे। उन्होंने रैन बसेरा में आवश्यकतानुसार बिस्तर और कंबल की संख्या सुनिश्चित करने व अलाव आदि की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देशित किया। कहा कि जो भी यात्री आ रहे हैं, उनका विवरण रखते हुए सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए किए गए इंतजामों को देखा और आवश्यक निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा कंबल वितरण भी किया गया। जिलाधिकारी ने संयुक्त जिला चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। पर्याप्त साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अस्पताल परिसर में शौचालय सहित सभी वार्डों में बेहतर सफाई सुनिश्चित करने के संदर्भ में सख्त निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने ठंड के दृष्टिगत मरीजों के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी ली गई। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सक अधीक्षक को आवश्यक निर्देश देते हुए जिला अस्पताल में मरीजों के लिए बढ़ते ठंड के दृष्टिगत आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में कोई भी खुले में न सोए और नजदीकी रैन बसेरा में जाए। वहां ठंड के दृष्टिगत जिला प्रशासन को ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं और आवश्यकता होने पर व्यवस्थाओं में वृद्धि का निर्देश भी संबंधित को दिया गया है। निरीक्षण के दौरान संबंधित गण उपस्थित रहे।

## विधायक के प्रयास से दो सड़कों का होगा कायाकल्प



**कुशीनगर।** फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा के प्रयासों से वर्षों से बदहाल पड़ी फाजिलनगर ब्लॉक की दो प्रमुख सड़कों का निर्माण अब एफडीआर पद्धति से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत किया जाएगा। इस पर लगभग 20 करोड़ 12 लाख रुपये की लागत आएगी। एनएच-28 जोकवा से छहूं तक की लगभग 09 किमी लंबी सड़क तथा चौरा से बदुराव तक की 5.650 किमी लंबी सड़क के निर्माण हेतु लोगों ने मांग किया था। इन सड़कों की दुर्दशा के कारण क्षेत्र के लाखों लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता था। एनएच 28 से छहूं जाने वाली सड़क दो दर्जन गांवों को ब्लॉक, तहसील, और जिला मुख्यालय से जोड़ने का प्रमुख मार्ग है। क्षेत्रीय लोगों ने सड़कों के निर्माण के लिए लंबे समय से मांग की थी और धरना-प्रदर्शन के जरिए विरोध भी जताया था।

इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने विभाग को एफडीआर पद्धति से सड़कों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। उनकी पहल के बाद शासन ने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को धन आवंटित कर दिया है। सड़कों के निर्माण के लिए धन आवंटित होने की खबर से क्षेत्रीय जनता में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे उनका जीवन सुगम होगा और आवागमन में सहूलियत मिलेगी। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा क्षेत्र का संपूर्ण विकास मेरी प्राथमिकता है। सड़कों के निर्माण से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विकास कार्यों को लेकर हरसंभव प्रयास जारी रहेगा।

## प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

**बरेली।** गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष में नगर कीर्तन निकला। कोहड़ा पीर गुरुद्वारे से नगर कीर्तन शुरू हुआ। नगर कीर्तन पीलीभीत रोड दीनदयाल पुरम होता हुआ मॉडल टाउन पहुंचा। मार्ग में कई स्थानों पर कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने पुष्प वर्षा की। नगर कीर्तन में शामिल गतका पार्टी के सदस्यों ने करतब दिखाकर आश्चर्यचकित कर दिया। इसमें कई स्कूली बच्चों ने भी रंग-बिरंगी पोशाकों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसकी अगवाई पंज प्यारे कर रहे थे। नगर कीर्तन में गुरु गोविंद सिंह इंटर कॉलेज गुरु नानक देव रिकी सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज गुरु नानक कन्या जूनियर हाई स्कूल खालसा इंटर कॉलेज श्री गुरु हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल माता सीता देवी पब्लिक स्कूल के साथ ही स्त्री सत्संग सभा सिख सेवक जाता सिख मिशनरी कॉलेज खालसा पंथ और सुखमणि सेवा सोसाइटी के सदस्यों ने भाग लिया।

गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेकर लोगों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

# अपर जिला जज मनोज कुमार तिवारी ने किया बालगृह का निरीक्षण

**देवरिया।** उच्च न्यायालय की बाल संरक्षण देखरेख समिति के निदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया, मनोज कुमार तिवारी ने राजकीय बालगृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने निर्देश दिया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से दिए गए निदेशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बालगृह के प्रभारी अधीक्षक को बच्चों में नैतिक मूल्यों के विकास हेतु कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही निबंध लेखन, योग, संगीत, चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को प्रोत्साहित करने की बात कही निरीक्षण के दौरान सचिव ने बालगृह के प्रपत्रों का अवलोकन किया और उन्हें व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही ठंड के मौसम से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त कंबल और ऊनी कपड़ों की व्यवस्था को संतोषजनक पाया। इसके अतिरिक्त, ठंड से बचाव हेतु अन्य समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बच्चों द्वारा बनाई गई चित्रकला का भी अवलोकन किया।

विशेष रूप से बालगृह में निवास कर रहे खुशबुद्दीन द्वारा बनाई गई चित्रकला की सराहना की। पुस्तकालय कक्ष के निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि उच्च न्यायालय की बाल संरक्षण देखरेख समिति द्वारा सुझाई गई पुस्तक सूची के अनुसार सभी पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएं सचिव ने परिसर की स्वच्छता बनाए रखने और बच्चों के खेलने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया इस निरीक्षण के दौरान राजकीय बालगृह, देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लड़की ले जाने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**आंवला, बरेली।** एक गांव के व्यक्ति ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया है कि बदायूं जिले के एक गांव का युवक उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसला कर ले गया है। उसने काफी खोजबीन की मगर वह नहीं मिली।

उसने अनहोनी की आशंका जताते हुए एक युवक के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपा है। इसके आधार पर आंवला पुलिस ने बदायूं जिले के गांव बघौल के राजू के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश, अंतिम तिथि 25

**देवरिया।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों और कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (महिला कल्याण विभाग, लखनऊ की सूची के अनुसार) के साथ-साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के पात्र बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय, सहजनवां, जनपद गोरखपुर में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह विद्यालय बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उनके बौद्धिक व शारीरिक विकास के लिए समर्पित है वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कक्षा 6 और कक्षा 9 में नामांकन किया जाएगा। पंजीकृत निर्माण श्रमिक, जिन्होंने बोर्ड की तीन वर्ष की सदस्यता 30 नवंबर 2024 तक पूरी कर ली हो, उनके वे बच्चे, जो वर्तमान में कक्षा 5 या कक्षा 8 में पढ़ रहे हैं, आवेदन के पात्र हैं। कक्षा 6 के लिए आवेदन करने वाले बच्चों की जन्मतिथि 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9 के लिए जन्मतिथि 01 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के बीच होनी चाहिए।

आवेदन पत्र कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त, विकास भवन परिसर, देवरिया से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जनवरी 2025 है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 09 फरवरी 2025 को होगा।

## दबिश के दौरान कच्ची शराब बरामद

**देवरिया।** जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र के प्रानपुर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर बड़ी मात्रा में बरामद शराब मामले की पुलिस जांच कर रही है। मामले में दो अभियुक्तों को जेल भेजने के बाद पुलिस मुख्य आरोपी ईंट भट्ठा मालिक व प्रधान की तलाश में छापेमारी कर रही है। सोमवार को पुलिस ने ईंट भट्ठे, आरोपी घर और अन्य जगहों पर दबीश देकर आरोपी के बारे जानकारी ली। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ईंट भट्ठा पर कच्ची शराब बनाने व बेचने वालों में हड़कंप मच गया है। बरियारपुर एसओ कंचन राय को रविवार को मुखबिरों से सुचना मिली कि प्रानपुर स्थित ईंट भट्ठे पर बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बनाई जा रही है। एसओ पुलिस टीम के साथ छापेमारी की तो मौके से करीब चार सौ लीटर शराब व शराब बनाने वाले सामान और बर्तन बरामद हुआ। पुलिस ने मामले में तीन लोगों पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही झारखण्ड के रहने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने ईंट भट्ठा मालिक के शराब बनवाने में भूमिका होने की बात कही। पुलिस फरार आरोपी मनीष त्रिपाठी की तलाश कर रही है। क्या बताया थानाध्यक्ष ने बरियारपुर थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि ईंट भट्ठे से चार सौ लीटर शराब बरामदगी में ईंट भट्ठा मालिक और ग्राम प्रधान का नाम सामने आया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## आरटीई के दूसरे चरण के आवेदन शुरू

**देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि निःशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत बुधवार से दूसरे चरण की लॉटरी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिले में आरटीई के तहत खाली बची सीटों पर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। 24 दिसंबर 2024 को आयोजित पहले चरण की लॉटरी में 198 बच्चों का चयन किया गया था। जिले के 841 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत कुल 5,000 सीटें आरक्षित हैं। आरटीई नियमों के तहत हर निजी विद्यालय को अपनी कुल सीटों की 25% सीटें दुर्बल और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित करनी होती हैं।

1 जनवरी 2025 से आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। अभिभावकों को सलाह दी गई है कि आवेदन करने से पहले दिशानिर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और केवल अपने वार्ड या ग्रामसभा क्षेत्र के स्कूल के लिए आवेदन करें। इससे आवेदन के निरस्त होने की संभावना कम होगी और सीटों की उपलब्धता के आधार पर बच्चों को प्रवेश दिया जा सकेगा जिला कार्यालय में आरटीई हेल्पडेस्क स्थापित की गई है, जो आवेदन संबंधी सभी समस्याओं का समाधान करेगी। आरटीई के पहले चरण में 400 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से लगभग 50 आवेदन अवैध होने के कारण निरस्त कर दिए गए। जिन विकासखंडों से कम आवेदन प्राप्त हुए हैं, उनकी साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

प्री-प्राइमरी और कक्षा एक में प्रवेश के लिए 19 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला समन्वयक, सामुदायिक सहयोग व समग्र शिक्षा, डॉ. आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि 20 से 23 जनवरी तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा।

इसके बाद 24 जनवरी को लॉटरी निकाली जाएगी और 27 जनवरी को बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिया जाएगा। आरटीई के तहत निःशुल्क प्रवेश के लिए सभी खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में हेल्पडेस्क स्थापित की गई हैं। जिलों में व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा अभिभावकों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# वीसी ने बतायी यूनिवर्सिटी की उपलब्धियां




**बरेली।** रुहेलखंड यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. केपी सिंह ने नये साल पर प्रेस कान्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने विश्वविद्यालय की पिछले साल की उपलब्धियां बताईं। साथ ही नए साल का विजन डॉक्यूमेंट पेश किया।

उन्होंने बताया कि पिछले साल विश्वविद्यालय ने नैक ग्रेडिंग में ए प्लस प्लस ग्रेड प्राप्त किया। यूजीसी कैटेगरी वन विश्वविद्यालय का दर्जा प्राप्त किया। एनआईआरएफ एवं वर्ल्ड क्यूएस रैंकिंग सहित अनेकों राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग में स्थान प्राप्त किया। टाइम्स हायर एजुकेशन रैंकिंग इंडिया टुडे रैंकिंग इत्यादि अनेकों रैंकिंग्स में विश्वविद्यालय ने अपना स्थान बनाया। इसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय की छवि सुधार का महत्वपूर्ण काम हुआ है। साथ ही राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की पहचान भी बनी है। विगत वर्ष विश्वविद्यालय को पीएम उषा योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय डिजिटल लर्निंग हब के अंतर्गत अनेकों डिजिटल लर्निंग पाठ्यक्रम शुरू करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रियलिटी इत्यादि के माध्यम से न केवल उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त शिक्षण सामग्री छात्रों के लिए उपलब्ध होगी, बल्कि छात्रों के लिए वर्चुअल लैब्स की भी सुविधा उपलब्ध होगी। विगत वर्ष में 187 शोध छात्रों को पीएचडी उपाधि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई है। साथ ही 725 शोधार्थियों को विभिन्न विषयों में शोध कार्य के लिए प्रवेश भी दिया गया है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में रिसर्च ग्रांट यहां के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय ने शोधार्थियों को शोध कार्य हेतु भी रिसर्च ग्रांट प्रदान कर रहा है। डिजिटल लर्निंग हब, अंतरराष्ट्रीय ट्रांसिट हॉस्टल एवं पायलट इनक्यूबेशन फैसिलिटी शीघ्र ही शुरू करने जा रहा है। पिछले वर्ष कैंपस में शिक्षक एवं शोध हेतु चार विभिन्न देशों से कल 71 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने प्रवेश किया है। यह विश्वविद्यालय की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस आधार पर विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश ही नहीं वरन अंतरराष्ट्रीय जगत में भी अपना परचम लहरा रहा है। निकट भविष्य में यूनिवर्सिटी के समस्त कार्य समर्थ पोर्टल से संचालित होंगे। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को पूर्ण रूपेण अंगीकृत कर विश्वविद्यालय अपने पठन-पाठन सहित अन्य सभी कार्यों को पूर्ण करेगा। विगत वर्ष विश्वविद्यालय ने अनेकों समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से अधिकतम सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले दिशा-निर्देशों का विश्वविद्यालय द्वारा समग्र रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाता है। कुलपति जी ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर उठाए गए सुधार कार्यों की बदौलत विश्वविद्यालय छात्रों का ध्यान अपनी और आकृष्ट करने में सफल रहा है एवं छात्रों की अभिरुचि विश्वविद्यालय में निरंतर बड़ी है।

## समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



***कुशीनगर।*** बहुजन मुक्ति पार्टी के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी कसया पारितोष मिश्रा को पत्रक सौंपकर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्डो की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके समाधान की मांग की। गुरुवार को पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में पहुंचे पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी को सौंपे पत्रक में बताया कि नगर पालिका में शामिल गांवो में सफाई सुचारू रूप से नहीं हो रहा है। सपहा, मल्लूडीह, बनवारी टोला, बाड़ीपुल, पकवा इनार के चौराहों पर शौचालय बनवाने, कसया देवरिया मार्ग पर पशु अस्पताल के पास जल जमाव को दूर करने की मांग की। नगर में बने मूत्रालयों पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है। उसकी व्यस्था की जाय। उपरोक्त समस्याओं का समाधान न होने पर धरना प्रदर्शन को चेताया। इस दौरान प्रदीप मौर्य, जवाहर शर्मा, अनिल, राजकुमार आदि मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 को

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 जनवरी, 2025 को महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, जनपद देवरिया में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के उन गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु है, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये तक है। इस योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल 51,हजाररुपये व्यय किए जाएंगे। इसमें 35हजार रुपये (विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा के मामले में 40,हजार रुपये) कन्या के बैंक खाते में अंतरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त विवाह उपहार सामग्री के रूप में 10 हजाररुपये (विधवा, परित्यक्ता या तलाकशुदा के मामले में 5,000 रुपये) प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के आयोजन पर 6,000 रुपये व्यय किए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन केवल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की वेबसाइट ूर ही स्वीकार किए जाएंगे।

किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदन के लिए कन्या की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और वर की न्यूनतम आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। आवेदन के साथ आवेदक और कन्या के दो-दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, वर और कन्या के आधार कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक पासबुक की छायाप्रति, तहसील द्वारा जारी जाति और आय प्रमाण पत्र तथा कन्या का आयु प्रमाण पत्र (जैसे शैक्षिक प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड या आधार कार्ड) संलग्न करना अनिवार्य है।

# अखिलेश यादव की पीडीए नीति ने भाजपा की नींद उड़ा दी है: श्याम लाल पाल



**देवरिया।** देवरिया में आज सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और पूर्व एमएलसी व प्रवक्ता सुनील सिंह साजन का रामपुर कारखाना के डुमरी चौराहे पर भव्य स्वागत सपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सिंह के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं द्वारा किया गया। मनीष सिंह के नेतृत्व में हजारों कार्यकताओं ने रामपुर कारखाना विधानसभा के डुमरी चौराहे पर लोहिया जी की प्रतिमा के सामने दोनों नेताओं का ऐतिहासिक स्वागत किया। इस अवसर पर मनीष सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष जी को बाबा साहेब की लिखी संविधान की प्रति, सुनील साजन को भगत सिंह की जेल डायरी भेंट किया।

मनीष सिंह ने बताया कि चौदह वर्ष पूर्व पटनवा पुल पर नागा बाबा साधु और मनोज पाल की हत्या कर दी गयी थी। इस हत्याकांड के समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी। तब भी कानून व्यवस्था खस्ताहाल थी और आज भाजपा के डबल इंजन सरकार में भी कानून व्यवस्था खस्ताहाल है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भाजपा के राज में बच्चे स्कूल छोड़ रहे, युवा बेरोजगार हो रहे हैं। रोजगार मांगने पर योगी की पुलिस उनपर लाठियां बरसाती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है। ऐसे में अब लोगों की उम्मीद और भरोसा सिर्फ हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही हैं। अखिलेश यादव की पीडीए नीति ने भाजपा की नींद उड़ा दी है। उनका विजन बिलकुल साफ है कि प्रदेश के सबसे निचले तबके के आखिरी आदमी का भी विकास होना चाहिए। प्रवक्ता, पूर्व एमएलसी श्री सुनील यादव साजन ने कहा की श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प लेते है और सपा सरकार में कार्य को जनता के बीच में लेकर जाना होगा। साथ ही पार्टी कार्यकताओं को इस दिशा में मेहनत और परिश्रम करने का दृढ़ संकल्प दोहराया गया।

इस अवसर पर

सोनू प्रकाश, अफताब खान, अनिरुध यादव, सोनू खरवार, अक्षय सरकार, सूरज कुमार, विक्की यादव, इंद्रजीत यादव, राजेश कुमार, राम प्रवेश खरवार, अनूप प्रसाद, गोपाल गौड़, विकाश यादव, शशि, सुनील श्रीवास्तव, अतुल मद्धेसिया, कृष्णा, राजेश जायसवाल, संदीप, राम इकबाल, विकास यादव अजीत सिंटू, बेचन यादव, सतपाल यादव आदर्श यादव आदि की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही!

# शंकर राव की स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणास्रोत: दिवाकर मणि त्रिपाठी



**कुशीनगर।** ग्राम विकास अधिकारी स्वर्गीय शंकर राव की प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक आवास अमरवा खुर्द, विकास खंड तमकुही में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने स्वर्गीय शंकर राव का स्मरण करते हुए कहा कि वह मिलनसार, सहृदय और सामाजिक व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा दूसरों की मदद के लिए तत्पर रहने का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनकी स्मृतियां समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. कन्हैया शर्मा ने स्व. राव को स्पष्टवादी और ईमानदार विचारों का पोषक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में समाजसेवा और विकास के कार्यों को प्राथमिकता दी। कवि मनंजय तिवारी 'निर्मल' ने कहा स्वर्गीय राव के द्वारा किए गए कार्य और उनका कृतित्व उन्हें हमेशा जीवंत बनाए रखेंगे। उनके विचार और प्रयास आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। स्वर्गीय शंकर राव के पुत्र और वरिष्ठ पत्रकार आद्या सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए अपने पिता के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता का जीवन सादगी और समर्पण का प्रतीक था। इस दौरान समाजसेवी अनिल जायसवाल, पत्रकार गुरुदत्त उपाध्याय, उमेश पांडेय, संतोष सिंह, सुबोध त्रिपाठी, राजकुमार पांडे, जीतबहादुर राव, रमेश सिंह, अयोध्या राव, राघवेन्द्र राव, अनुराग राव, सत्यप्रकाश राय, अजय सिंह, रामनरेश पाण्डेय, पंकज सिंह आदि उपस्थित रहे और सैकड़ों ग्रामवासियों ने स्व. शंकर राव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शांति पाठ और उनके व्यक्तित्व पर विचार विमर्श किया गया।

कार्यक्रम का समापन उनके आदर्शों और विचारों को अपनाने का संदेश देते हुए हुआ। सभा में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय राव को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

संक्षेप

## अज्ञात चोर ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार की

**महमूदाबाद सीतापुर**। सदरपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद में एक निजी स्कूल संचालक के घर में अज्ञात चोर ने धावा बोलकर लाखों की संपत्ति पार कर दी। स्कूल संचालक को घर में चोरी होने की सूचना गुरुवार की सुबह हुई। पीड़ित द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को तहरीर देकर दी गई। सदरपुर थाना क्षेत्र कस्बा जहांगीराबाद निवासी वीरेंद्र कुमार यादव पुत्र जगदीश प्रसाद यादव कुंज बिहारी लाल सरस्वती ज्ञान मन्दिर के संचालक हैं।

विद्यालय से थोड़ी दूर पर स्थित उनके आवास में बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा लगभग एक दर्जन ताले तोड़ कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। चोर यहां से अलमारी में रखे एक लाख सत्तर हजार रुपये नगद तथा करीब 15 लाख रुपये की कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी की रात प्रबंधक के घर पर कोई नहीं था और परिवार के सभी सदस्य विद्यालय में ही ठहरे हुए थे। सुबह जब प्रबंधक घर की ओर टहलने निकले तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ है और उसका ताला टूटा है।

# कवियों ने आदिकाल से भक्ति और राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने में प्रमुख योगदानः आरके



जिला संवाददाता(vol)

**महमूदाबाद सीतापुर!** कवियों ने आदिकाल से भक्ति और राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने में प्रमुख योगदान दिया है। भारत को स्वतंत्र करने में क्रांतिकारियों के साथ-साथ कवियों की ओजस्वी कविताओं ने भी महती भूमिका निभाई थी जो अब भी हमारे दिलों में हैं। जब सोच बदलती है तो सृष्टि भी बदलती है।

आज भी कविताएं युवा पीढ़ी का मार्दशन कर रही हैं। उक्त बातें सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में आयोजित बाल कवि सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर चेयरमैन आरके वाजपेयी ने मां शारदे एवं भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कविता का उद्देश्य सौंदर्य भाव जाग्रत करना है। यह आत्म अभिव्यक्ति का एक रूप है। शिशु भारती एवं सांस्कृतिक विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों के साथ सभी आमंत्रित कवियों का स्वागत माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। बाल कवि सम्मेलन का शुभारंभ उदित सिंह द्वारा सरस्वती वंदना एवं नव वर्ष में आने वालों को आने दीजिए से किया तो विद्यार्थियों ने उनका स्वागत तालियां बजाकर किया। मोहित शौर्य के रूप में आशुतोष मौर्य ने अब कल पर केवल होटलों में रह गया, कविता तिवारी के रूप में प्रियांशी दीक्षित ने मैं भारत वर्ष की बेटी हूं हरगिज डर नहीं सकती, विष्णु सक्सेना के रूप में स्तुति वर्मा ने दिल की जमी पर जब फसल यादों को बोओगे, राम भदावर के रूप में उज्जवल वर्मा ने पन्ना की तमन्ना, मानसी शास्त्री के रूप में पलक वर्मा ने आज कल की मम्मियां भी गजब ढा रही, सुनील जोगी के रूप में सिद्धांत प्रताप सिंह ने देखो कुर्सी की बलिहारी यूं जमाना बदला जाए, कवि रोहित के रूप में अमन गिरी ने माता पिता इतनी आजादी मत दे प्यारी संतान को सुनकर सभी को आनंदित किया। श्रेया वाजपेई ने संचालन करते हुए चरणों में विरल के लगा रहे ये मन सुनाया। आभार प्रदर्शन सांस्कृतिक प्रतिभा सिंह द्वारा किया। इस अवसर पर ज्ञान शंकर वर्मा, , मिकाइल अली, एसपी त्रिपाठी नवनीत पांडेय सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# ब्रीडिंग व जलवायु अनुकूल प्रजातियों पर जोर दें वैज्ञानिकः सूर्य प्रताप शाही

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या**। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में नववर्ष के अवसर पर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शिरकत कर वैज्ञानिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कृषि मंत्री ने अतिथि गृह एवं स्टाफ क्लब के प्रथम तल को क्रियाशील कराया और दो मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र भी दिया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि यह कृषि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों के अनुरूप कार्य कर रहा है। कृषि विवि में शिक्षकों की नियुक्तियां पहले की अपेक्षा दोगुनी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि विवि को ब्रीडिंग व जलवायु के अनुकूल प्रजातियों को विकसित करने पर जोर देना होगा जिससे कि किसानों तक उच्च गुणवत्ता के बीजों को पहुंचाया जा सके। मंत्री ने कहा की वर्तमान समय में फूलों की मांग बहुत अधिक हो गई है। फूलों की खेती के साथ मखाना और सिंघाड़ा की खेती पर भी विवि को कार्य करने की जरूरत है इस दौरान उन्होंने नैक में ए प्लस, प्लस की सफलता पर कुलपति के साथ-साथ पूरे विवि परिवार को बधाई दी इस अवसर पर विश्व विद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने नववर्ष पर उज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को बधाई दी। कुलपति ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों के साथ-साथ आगे के होने वाले विकास कार्यों के बारे में भी सभी को अवगत कराया। कुलपति ने कहा कि विश्व विद्यालय को एक बड़े ऑडिटोरियम की आवश्यकता है जिसका निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा।

नैक में उच्च ग्रेड हासिल करने के बाद विवि में श्रीलंका, जिम्बाब्वे, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका, केन्या सहित लगभग एक दर्जन विदेशी छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया जो पूरे विवि परिवार के लिए गर्व की बात है। समारोह के मंच का संचालन कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह ने किया।

# विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर एएसआई बनने पर एसपी ने दी बधाई



**उन्नाव**। एसपी दीपक भूकर एवं एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह एवं प्रेमचंद अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी द्वारा कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड ए,/मुख्या आरक्षीद्व से कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी,/एएसआईद्वए के पद पर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर पदोन्नति प्राप्त करने वाले कर्मचारीगण विजित श्रीवास्तव;डिस्ट्रिक्ट कार्डिनेटरद्वए रजनीश सागर ;आईजीआरएस सेलद्वए वीरेश कुमार जयसवाल ;प्रधान लिपिक कार्यालयद्वए अनुज सिंह ;मीडिया सेलद्वए अवधेश कुमार ;थाना बिहारद्वए रोहित कुमार भट्ट ;थाना हसनगंजद्वए पंकज कुमार ;थाना गंगाघाटद्वए दिवाकर शुक्ला ;थाना बीघापुरद्व को रैंक प्रतीकध्यक स्टार लगाकर पदोन्नति बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## शासन स्तरीय दो सदस्यीय टीम ने मनरेगा कार्यों की जांच की

**फतेहपुर चौरासी**। उन्नाव। मनरेगा के कार्यों में खर्च हुए धन की वास्तविकता जानने को लेकर फतेहपुर चौरासी विकासखंड के तीन गांव चिन्हित किए गए थे। जिसमें जमरूदीनपुरए फिरोजपुर खुर्दए पैसारी गांव शामिल है गुरुवार को शासन की ओर से दो सदस्यीय टीम गांव पहुंचीए जहां टीम ने ड्रोन के जरिए मनरेगा से हुए कार्यों की जांच की। जांच के बाद टीम अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को प्रस्तुत करेगी। शासन से आई टीम ने ड्रोन से सर्वे किया है और हुए कार्यों को देखा।

## लम्बी बीमारी के बाद संत रामसेवक दास का निधन



**फतेहपुर चौरासी**। उन्नाव। क्षेत्र में दोस्तपुर शिवली के प्रसिद्ध त्यागी बाबा के शिष्य लगभग 62 वर्षीय संत रामसेवक दास का लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया। उनके अन्तिम दर्शन के लिए क्षेत्र के उनके भक्तों ने पहुंचकर दर्शन किये। त्यागी बाबा के शिष्य रामसेवक दास कल्याणी नदी के किनारे आश्रम बनाकर रहते थे। इधर काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। बुधवार देर रात आश्रम में अंतिम सांस ली। इसके बाद बैंड बाजे के साथ उनके शव को दोस्तपुर शिवली गांव त्यागी बाबा कुटी लाया गया जहाँ त्यागी बाबा की समाधि के दर्शन कराकर उनके आश्रम वापस ले जाया गया जहाँ भक्तों ने आश्रम के पास ही उनका अन्तिम संस्कार किया। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथिलेश जायसवाल ने अन्तिम संस्कार की व्यवस्था की उनके साथ प्रधान पवन पालए रामजीवन आदि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## टॉप-10 अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर**। थाना मछरेहटा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे में नाकेबंदी की। यहां पुलिस ने चेकिंग के दौरान सोनू उर्फ सोनेलाल पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम उमरापुर मजरा रामनगर थाना मछरेहटा को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि सोनू शातिर अपराधी है। सोनू थाने का टॉप टेन अपराधी है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## न्यायालय पहुंचा जमीन पर अवैध कब्जे का मामला



**सीतापुर**। सीलिंग की जमीन पर कब्जा कर उस पर मकान बनवाए जाने के मामले में महिला प्रधान ने अपने पति के बिरूद्ध न्यायालय में वाद दायर किया गया है आरोप है कि विकास खंड की ग्राम पंचायत सकरन में सरकारी सीलिंग की जमीन गाटा संख्या 520 रकबा 1.846 हेक्टेयर है। उस सरकारी जमीन पर महिला ग्राम प्रधान के ससुर ने कई वर्ष पूर्व कब्जा कर लिया था। जिस पर कई वर्षों तक चीनी व गुड बनाने वाला क्रेशर लगाया। उसके बाद ग्राम प्रधान सन्तोषी देवी यादव के पति सन्तोष यादव ने उक्त सरकारी जमीन के कुछ भाग पर अपना आलीशान मकान बनवाकर तैयार कर लिया।जिसमें प्रधान व उसके परिजन निवास कर रहे है तथा शेष जमीन पर बाग व कृषि कार्य किया जाता है मामले में ग्रामीण रामचन्द्र आदि ने मुख्यमंत्री जनता दरबार में एक शिकायती पत्र दिया था उसके बाद प्रधान सन्तोषी देवी पुत्री रामप्रकाश ने अपने पति सन्तोष कुमार पुत्र रामशंकर के बिरूद्ध सीतापुर न्यायालय में वाद दायर कर दिया था जिसमें प्रधान पति सन्तोष कुमार ने 13 दिसम्बर 2024 को सीतापुर न्यायालय से यथा स्थित का स्टेआर्डर ले लिया था उक्त मामले में 10 जनवरी को न्यायालय में पेशी की तारीख लगी हैं मामले में जब क्षेत्रीय लेखपाल राजेन्द्र चौधरी से बात की गयी तो उन्होने बताया कि सीलिंग की जमीन की पैमाइस की गयी है जिस पर प्रधान पति समेत कई लोगों के घर बने है मामला न्यायालय में बिचाराधीन है जांच रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों तथा न्यायालय को भेज दी गयी है ।

## ग्राहकों की संतुष्टि ही किसी भी व्यापार की प्रगति का सबसे मूल तत्व



**महमूदाबाद (सीतापुर)**। ग्राहकों की संतुष्टि ही किसी भी व्यापार की प्रगति का सबसे मूल तत्व है। व्यापारियों का देश के विकास में हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नई-नई योजनाएं बाजार में ग्राहकों के आवागमन की गति को बढ़ाती है, जिससे हर वर्ग और क्षेत्र को लाभ होता है। यह बात सरावगी टोला स्थित जैन गिफ्ट हाउस में विवाहोत्सव योजना के डिस्प्ले केंद्र का उद्घाटन करते हुए संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष रमेश वाजपेयी ने कही। डिस्प्ले केंद्र के उद्घाटन के बाद जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। अतिथियों ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अतिथियों का स्वागत संस्था के प्रबंधक पारस जैन, राजकुमार जैन ने अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर किया। इस दौरान विहिप नेता अतुल चित्रांश, साहित्यकार विनोद गुप्त, आदिश्वर, नमन, शैलेश आदि उपस्थित रहे।

## सीओ ने 12 पुलिसकर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित



**महमूदाबाद, सीतापुर**। पुलिस अधीक्षक की तंत्र के सबसे निचले स्तर पर जमीनी काम कर रहे कर्मियों की हौंसलाआफाजाई करने की पहल के तहत महमूदाबाद सर्किल के 12 पुलिसकर्मियों को एसपी द्वारा जारी प्रशस्तिपत्र देकर सीओ द्वारा सम्मानित किया गया। सीओ ने प्रशस्तिपत्र देने के साथ उन्हें जिम्मेदारी का अहसास दिलाते हुए और अधिक निष्ठा से काम करने की नसीहत दी। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र विभाग में कर्मियों की हौंसलाआफजाई करने के साथ अपराध नियंत्रण पर नित नए प्रयोग करते रहते हैं।

इसी कड़ी के तहत प्रत्येक थाने से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले तीन-तीन पुलिसकर्मियों का चयन करने के निर्देश एसपी द्वारा थाना प्रभारियों द्वारा दिए गए थे। इसी के तहत महमूदाबाद केआरक्षी हरिशंकर, अखिलेश, महिला आरक्षी डोली, सदरपुर के मुख्य आरक्षी जितेंद्र मिश्र, आरक्षी आशीष यादव, महिला आरक्षी रूबी, रामपुर मथुरा की महिला आरक्षी रचना, शैल्या राजपूत, थानगांव के आरक्षी राजेश, पवन कुंतल व महिला आरक्षी निशा सिंह समेत 12 कर्मियों को हेल्प डेस्क, आईजीआरएस निस्तारण व बीट में सतर्कतापूर्वक सक्रियता ने कर्तव्य निभाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रशस्तिपत्र सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा दिए गए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह, सदरपुर प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा, रामपुर मथुरा प्रभारी निरीक्षक कृष्ण नंदन तिवारी, थानगांव प्रभारी निरीक्षक उमेश चौरसिया, एसएसआई अरविंद कटियार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केदो में शीतकालीन अवकाश

**सीतापुर**। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में शीतलहर व तापमान में गिरावट को देखते हुए जिलाधिकारी के अनुमोदन से आंगनबाड़ी केंद्र पर अवकाश घोषित किया गया है।

1 जनवरी से 15 जनवरी तक जनपद में संचालित सभी ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर शीत कालीन अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अवकाश अवधि में ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा लाभार्थियों को अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसंएनडी सत्र एवं आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जॉच व संदर्भन के साथ-साथ अन्य शासकीय/ विभागीय कार्य नियमित रूप से सम्पादित किये जायेगें। अवकाश अवधि में बिना सक्षम स्तर पर अवकाश स्वीकृत कराये ऑगनबाड़ी केन्द्र/मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगी।

# 18 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई अपराधियों की संपत्ति को किया जायेगा जब्त

सीतापुर। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ की तस्करी/परिवहन जैसे अपराध में लिप्त कुल 9 अपराधियों पर कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने देवेन्द उर्फ मोनू पुत्र बृजबिहारीलाल, अनुज कुमार पुत्र राजबहादुर निवासी कृष्णलोक कालोनी फैजुल्लागंज थाना मड़ियांव जनपद लखनऊ, आशीष शुक्ला पुत्र उमाशंकर शुक्ला निवासी ग्वालमण्डी थाना कोतवाली नगर, अमित कुमार दीक्षित पुत्र जगदीश दीक्षित निवासी ब्रहम्पुरी आँख अस्पताल के पीछे थाना कोतवाली नगर, विवेक तिवारी पुत्र कन्हैयालाल तिवारी निवासी ग्राम मेहपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच हालपता बहादुरनगर थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी, सुभाष तिवारी पुत्र महेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम बरगांवा थाना पिसांवा, हालपता आनन्द बिहारी कालोनी थाना रामकोट, अनुराग अवस्थी पुत्र जयराम अवस्थी निवासी ग्वालमण्डी थाना कोतवाली नगर जनपद सीतापुर-हालपता मकान न0537/519 भरतनगर थाना मडियांव जनपद लखनऊ, प्रसून तिवारी उर्फ सोनू पुत्र उमकान्त तिवारी निवासी मधवापुर थाना रामकोट , शिवम द्विवेदी पुत्र राजबहादुर द्विवेदी निवासी मकान न 234 कृष्ण लोक नगर फैजुल्लागंज जनपद लखनऊ के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं, जिनके विरुद्ध अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/परिवहन जैसे अपराधों के संबंध में कई अभियोग पंजीकृत हैं। पुलिस का कहना है कि अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति के बारे में पता लगाया जा रहा है। संपत्ति चिन्हित करने के बाद जबतीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

इधर थानगांव पुलिस ने पुलिस ने बाबूराम लोनिया पुत्र मैकू लोनिया निवासी ग्राम शिवपुर मजरा देवरिया थाना सदरपुर, संदीप पुत्र लल्ला, राम प्रकाश उर्फ प्रकाश पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम ग्वारी थाना थानगांव, आशीष उर्फ ननका पुत्र शत्रोहन निवासी ग्राम सुकुलपुरवा नई बस्ती मजरा केवडा थाना रामपुर मथुरा, नौशाद पुत्र मजीद निवासी ग्राम बकहुंआ बाजार थाना सदरपुर, रुप लाल लोनिया पुत्र लल्लन लोनिया उर्फ लालता, कलऊ उर्फ कमलाकान्त पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम शिवपुर मजरा देवरिया थाना सदरपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति को चिन्हित कर जबतीकरण की कार्रवाई

के सम्बन्ध में सूचना/साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। महमूदाबाद कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाकर बिक्री करने वाले राजेन्द्र पासी पुत्र रामलाल निवासी ग्राम मोहाला थाना सदरपुर, रोहित लोनिया पुत्र सोमवाली निवासी ग्राम गढीपुरवा थाना रेउसा जनपद सीतापुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है।इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति को चिन्हित कर जबकि कर्ण की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने जमकर बहाया पसीना



**सीतापुर**। विकासखंड कसमंडा में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग के द्वारा विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन मां महोठे रानी मैदान महोली कमलापुर में किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न गांव के बच्चों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नम्रता श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन करने के बाद किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रगति एवं बालक वर्ग में सुमित प्रथम स्थान रहा। 200 मीटर दौड़ में अनुसुइया प्रथम एवं सुमित ने प्रथम स्थान हासिल किया।

400 मीटर दौड़ में मयंक का प्रथम स्थान रहा। कबड्डी प्रतियोगिता प्राथमिक विद्यालय चौड़िया प्राचीन एवं प्राथमिक विद्यालय बलोइया के बीच खेला गया। जिसमें चौड़िया के बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर स्तर में कसमंडा फाइटर एवं कमलापुर फाइटर के बीच में कबड्डी प्रतियोगिता हुई। जिसमें कसमंडा फाइटर ने प्रथम स्थान हासिल किया। गोला फेक में बालिका वर्ग से तन्वी प्रथम स्थान दर्ज किया ।

प्रतियोगिता में विजयी सभी बच्चों को जिला पंचायत सदस्य दीपक शुक्ला के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेल प्रतियोगिता मे नम्रता श्रीवास्तव क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी कसमंडा एवं अनमोल सिंह राठौर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रेउसा व निर्णायक की भूमिका निभाने में व्यायाम शिक्षक अनूप शुक्ला एवं खेल अनुदेशक अनुराग सिंह, महेंद्र प्रताप , मुकेश कुमार , काजल द्विवेदी ,अनीता देवी रही।पीआरडी जवान अजय, कुमार ,बजरंग सिंह ,रामनरेश, रामसेवक ओमप्रकाश मौजूद रहे।

# व्यक्ति की पहचान उसके अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है



**पाटन, उन्नाव**। इस संसार मे हम सब नाटक करने के निमित्त जन्म लिया हैए वह चाहे जिस क्षेत्र मे हो। व्यक्ति की पहचान उसके अभिनय के अभिव्यक्ति से होती है। उक्त उदगार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित स्वामी ब्रम्हात्मा नंद सरस्वती महाराज ने भगवन्तनगर स्थित श्यामराज कुंवरि जगन्नाथ सिह सनातनधर्म कन्या इण्टर कालेज के संस्थापक आदर्श शिक्षक रंजीत सिंह की 101 वीं जयन्ती के अवसर पर व्यक्त किया। उन्होंने ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है। मनुष्य इस संसार मे अभिनय करने के लिए पैदा होता है। संसार मे जो व्यक्ति लोगों की सेवा कर लेता है वही व्यक्ति सफल माना जाता है।

रंजीत सिंह ने अपने जीवन काल मे समाज सेवा का आर्दश प्रस्तुत किया है ।हम सबको उनके कार्यो से प्रेरणा लेनी चाहिए।समारोह के मुख्य वक्ता के रुप उपस्थित पूर्व शिक्षक रमेश सिंह ने कहा कि रंजीत सिंह आदर्श शिक्षक होने के साथ साथ एक परोपकारी व्यक्ति थे।जिन्होंने ने अपने मित्र शिक्षक साथी राम संघार को वेतन न मिलने पर उनकी आर्थिक मदद अपनी पूरे सेवाकाल मे किया। किन्तु आज स्थित यह है कि लोग हाथ नही नस पकड़ते है ।यदि व्यक्ति के व्यक्तित्व के असर को देखना हैं तो बैंक बैलेंस से नही बल्कि उनकी सन्तानों से देखे। आज समाज का बाजारीकरण हो गया हैए घरों के अन्दर बाजार घुस गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती व रंजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय परिवार द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

वही संस्था द्वारा गरीब निराश्रितों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित कवियों ने कविता पाठ कर शिक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को राम सिंह सेवा निवृत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नरेन्द्र सिंह आनन्द, कमलेश वर्मा आदि ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वी डी सिंह पूर्व प्रधानाचार्य एवं संचालन प्रधानाचार्य योगेन्द्र कुमार ने किया। आए हूए लोगों को प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने अंग वस्त्रए प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।

आये हुए लोगो के प्रति आभार विद्यालय के प्रबंधक समरेन्द्र बहादुर सिंह ने किया और कहा कि यह जयन्ती समारोह मेरे माता पिता का पूण्य प्रताप है जिनके आशीर्वाद से निर्वाद संचालित हो रहा है। कार्यक्रम मे अमरेश वर्मा, पूर्व शिक्षक गौरी शंकर सिंह, नागेन्द्र सिंह, सतेन्द्र सिंह बब्लू, मन्टू सिंह, शिवेन्द्र सिंह, गोवर्धन सिंहए रवि शंकर शुक्ला, आशू पाण्डेयए सुनील सिंह, अभय साहू, अवधेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# रक्तदाता धरा के देवदूतः संजीव सिंह




**अयोध्या**। अयोध्या महोत्सव न्यास व राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 33 युवाओं ने रक्तदान कर महादानी बनें। रक्तदान करने में अधिवक्ता, पत्रकार, पुलिस, शिक्षक व महिलाये भी शामिल रही। शिविर में अयोध्या जिले के अलावा गाजीपुर, बस्ती, बलिया व अम्बेडकर नगर के लोग भी शामिल रहे ।यह शिविर जिलाचिकित्सालय के सहयोग से लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने रक्तदानियों को प्रमाणपत्र व मेमोटो प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि रक्तदाता धरा के देवदूत हैं और रक्तदान सबसे पुनीत कार्य हैं।

अयोध्या जिले के मरीजों के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन किसी वरदान से कम नहीं हैं जो लगातार मरीजों को ब्लड मुहैया करा रही हैं। अयोध्या महोत्सव के आयोजक हरीश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्तदान शिविर भी अब अयोध्या महोत्सव का एक अंग बन चुका हैं। महोत्सव का उदेश्य अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के साथ साथ अब मरीजों को खून उपलब्ध कराने के लिए भी संकल्पित हैं।इसे अगले महोत्सव में और व्यापक स्तर से रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। संस्था अध्यक्ष व ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्त ने कहा कि एक बार रक्तदान करने से कम से कम तीन मरीजों की जान बचाया जा सकता हैं और नियमित रक्तदान करने से रक्तदाता हार्ट, बीपी, कैसर जैसे गंभीर बीमारियों सुरक्षित रहते हैं।

अयोध्या महोत्सव समिति द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृट योगदान के लिए राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन से जुड़े डॉ मनीष राय,विजय वर्मा, आरक्षी मो अहद, राम कुमार मौर्य,खुशबू शाही व माला रावत को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने वालों में महोत्सव के संयोजक जनार्दन पाण्डेय, महासचिव आकाश अग्रवाल, अधिवक्ता श्वेता राज सिंह, ज्योत्सना श्रीवास्तव, पत्रकार अरविन्द गुप्ता, डॉ सुनील कुमार गुप्ता, अजीत सिंह यादव, राधेश्याम यादव, राजेश कुमार, शिव पूजन वर्मा, आश्चर्य दीपक गुप्त, अरुणेश वर्मा, वृजेश ओझा, राज कुमार वर्मा, धर्मवीर वर्मा, जलज वर्मा, लालता प्रसाद, प्रवेश कुमार, उमेश चंद शुक्ला, विनय सिंह कुशवाहा, प्रमोद कुमार राजन यादव, जुनैद अहमद, अभय वर्मा, आदर्श शुक्ला, कुशल दूबे, शशांक वर्मा, घनश्याम वर्मा,पुरेंद्र सिंह, रोहित पाल, सुधांशु उपाध्यय, श्रवण जायसवाल व अशोक मिश्र शामिल रहें। रक्तदान शिविर के समापन पर महोत्सव के महासचिव आकाश अग्रवाल व संचालक अरुण द्विवेदी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

